सतना
28 अक्टूबर 2025 मंगलवार


# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



भारतीय भारोत्तोलक...
@ पेज 7

## छात्रा पर बाइक सवार लड़कों ने फेंका एसिड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रविवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली एक छात्रा पर एसिड से हमला किया गया। यह अटैक लड़की का पीछा करने वाले शख्स ने अपने दो साथियों के साथ अशोक विहार इलाके में लक्ष्मीबाई कॉलेज के पास किया।

20 साल की विक्टिम के हाथ इस हमले में बुरी तरह जल गए और अब अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। छात्रा दिल्ली यूनिवर्सिटी में सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रही है और रविवार को वीकेंड क्लासेज के लिए जा रही थी।

**छात्रा ने सुनाई आपबीती–** मीडिया हाऊसेज से बात करते हुए छात्रा ने बताया कि वो कई महीनों से परेशान है क्योंकि हमला करने वाला आदमी जीतेंद्र लंबे समय से उसका पीछा कर रहा है। छात्रा और जीतेंद्र दोनों दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके में रहते हैं। छात्रा ने कहा, 'जीतेंद्र के डर से मैं ज्यादातर समय घर में ही रहती हूं। जीतेंद्र शादीशुदा है। मैंने एक दिन उसकी पत्नी से शिकायत भी की थी लेकिन वो मुझे ही भला-बुरा कहने लगी। उसने कहा कि मेरा कैरेक्टर खराब है।' एसिड अटैक की घटना को लेकर छात्रा ने कहा, 'जीतेंद्र ने मेरा पीछा किया। वो जब बोतल निकाल रहा था तो मैं समझ गई कि कुछ गड़बड़ है। मैंने अपने फोन और बैग से चेहरा ढक लिया। एसिड मेरे हाथों, पेट और बैग पर फैल गया।'

## ओवरलोड मालगाड़ी में कोयला हाईटेंशन लाइन से टकराया-अनूपपुर स्टेशन पर चिंगारियां निकलीं



### कई ट्रेनें रोकनी पड़ी

**अनूपपुर, एजेंसी।** अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी में भरा कोयला हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। इससे जोरदार धमाके के साथ चिंगारियां निकलीं। बिजली के तार टूटकर पटरी पर गिर गए। हालांकि, मालगाड़ी प्लेटफॉर्म के बीच वाले लूप ट्रैक पर थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। रेलकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मालगाड़ी को प्लेटफॉर्म नंबर 4 के अतिरिक्त यार्ड में खड़ा कर दिया।

हादसा सोमवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। इस ट्रैक की कई पैसेंजर और गुड्स ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। उनमें से कुछ को जैतहरी, छुलहा और मौहरी रेलवे स्टेशनों पर रोका गया जबकि कुछ का रूट डायवर्ट कर दिया गया।

जिस वक्त हादसा हुआ, उसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर रीवा-चिरमिरी पैसेंजर ट्रेन खड़ी थी। यात्रियों ने बताया कि मालगाड़ी से काफी देर तक चिंगारियां निकलती रहीं।

**ओवरलोड कैसे हुई, जांच कर रहा विभाग**

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, मालगाड़ी अंबिकापुर से कोयला लेकर कटनी की तरफ जा रही थी। गाड़ी ओवरलोड होकर यार्ड से कैसे निकली, इसकी जांच की जा रही है।

**एक घंटे खड़ी रही बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस**

हादसे के बाद बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस को जैतहरी रेलवे स्टेशन पर रोका गया था।

# नई चुनौतियों के सामने बड़ा समाधान पेश करते हैं भारत-आसियान, विकास में होंगे सहायक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मलयेशिया में आयोजित 47वां आसियान शिखर सम्मेलन (26-27 अक्टूबर) भारत की दृष्टि से कई मायनों में सफल रहा है। सम्मेलन में भारत ने 2026 को भारत-आसियान समुद्री सहयोग वर्ष घोषित करने का प्रस्ताव दिया है। इससे भारत के मत्स्य व्यापार को आगे बढ़ाने और समुद्री सीमाओं के द्वारा होने वाले व्यापार को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। कई मायनों में यह प्रस्ताव भारत और आसियान के परस्पर विकास की संभावनाओं को मजबूत करने वाला है। इसके पूर्व 2025 को पर्यटन वर्ष के रूप में मनाने का प्रस्ताव किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से आसियान समिट को संबोधित करते हुए भारत और आसियान देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को बढ़ावा देने की बात कही है। भारत पहले से ही इंग्लैंड सहित दुनिया के तमाम देशों के साथ एफटीए व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। इससे आसियान के 11 देशों के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में सफलता मिलेगी। मोदी ने 21वीं सदी को भारत और आसियान देशों की सदी बताया है। यदि भारत और आसियान देशों के बीच आपसी व्यापार को बढ़ावा मिलता है तो इससे पूरे क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाई प्राप्त होगी। अमेरिका के साथ हुए टैरिफ विवाद ने भारत के व्यापार के सामने नए तरह की चुनौतियां पेश की हैं।



### अंतरराष्ट्रीय शांति स्थापित करने में विशेष भूमिका निभा सकता है आसियान

चीन के साथ वियतनाम के संबंध तनावपूर्ण स्थिति में हैं। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध रहे हैं। इसके साथ-साथ दोनों देशों के बीच व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध भी परंपरागत रूप से मजबूत रहे हैं। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में दक्षिण चीन सागर पर आधिपत्य को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। यह तनाव कई बार युद्ध की धमकियों तक चला जाता है जिससे रूस-यूक्रेन, इजरायल और गजा के अलावा दुनिया में अशांति का एक और रणक्षेत्र बनता हुआ दिखाई देता है। यदि दोनों देशों में तनाव बढ़ता है तो अमेरिका और रूस की इसमें दखलंदाजी बढ़ सकती है जो दुनिया की शांति और व्यापार की संभावनाओं की दृष्टि से किसी भी तरह उचित नहीं होगी।

भारत और आसियान देश दुनिया की लगभग 25 प्रतिशत आबादी और एक बड़े व्यापार को प्रभावित करने वाले देश हैं। यदि ये देश अपने प्रभाव का सही इस्तेमाल करें तो भविष्य में चीन-वियतनाम के बीच तनाव को कम कर दुनिया को शांति की ओर बढ़ाया जा सकता है। दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए चीन-वियतनाम के बीच तनाव को सही नहीं माना जा रहा है। ऐसे में आसियान और भारत इस तनाव को कम करने में प्रभावशाली भूमिका निभा सकते हैं। इसमें भारत की भूमिका प्रभावशाली हो सकती है।

### विशेष सहयोगी साबित हो सकते हैं ये देश

आसियान देशों में शामिल मेजबान देश मलयेशिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड और सिंगापुर में भारतीय पर्यटक बड़ी संख्या में जाते हैं। ये इन देशों की अर्थव्यवस्था में भारी योगदान देते हैं। इसके उलट सिंगापुर, थाईलैंड और कंबोडिया से बड़ी संख्या में पर्यटक भारत आते हैं। विशेषकर बौद्ध परंपरा से जुड़े पर्यटक भारत में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों के पर्यटन के लिए भारत आते हैं।

# एक दशक में किए सुधारों से समुद्री क्षेत्र में उभरती हुई ताकत बना देश , गृह मंत्री अमित शाह का बयान

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद रहे। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि गेटवे ऑफ इंडिया की जगह ये सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मंथन के बाद जो विचार सामने आएंगे, उनसे गेटवे ऑफ इंडिया गेटवे ऑफ वर्ल्ड में बदल जाएगा।

**देश नया समुद्री इतिहास**



**लिख रहा है :** केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बीते एक दशक में मेरीटाइम इकॉनोमी में जो सुधार किए गए हैं, उनके चलते भारत वैश्विक समुद्री नक्शे पर एक उभरती हुई ताकत बनकर खड़ा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत की मेरीटाइम स्थिति, लोकतांत्रिक स्थिरता और नौसैन्य क्षमताएं हिंद प्रशांत और वैश्विक दक्षिण क्षेत्र में विकास, सुरक्षा और पर्यावरण को बढ़ावा दे रही हैं। शाह ने कहा कि भारत का समुद्री इतिहास 5000 साल पुराना है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नया समुद्री इतिहास लिख रहा है।

### 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश के बनेंगे अवसर

अमित शाह ने कहा कि भारत की समुद्री ताकत और सुरक्षा की दृष्टि से इसकी लोकेशन बेहद अहम है। भारत की तट रेखा 11 हजार किलोमीटर लंबी है। देश में 13 तटीय राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं। देश की जीडीपी में समुद्री व्यापार करीब 60 प्रतिशत है। हिंद महासागर के 28 देश वैश्विक निर्यात में 12 प्रतिशत का योगदान देते हैं। आज मेरीटाइम सम्मेलन के जरिए हम वैश्विक निवेशकों और वैश्विक मेरीटाइम इंडस्ट्री के सामने अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में भारत मेरीटाइम वीक सबसे प्रतिष्ठित मंच बनकर उभरा है। यह सम्मेलन का चौथा संस्करण है और मुझे उम्मीद है कि ये विकसित भारत के लक्ष्य को पाने में अहम योगदान देगा। यहां 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश के अवसर बनेंगे।

# स्ट्रीट डॉग केस, सुप्रीम कोर्ट बोला-देश की छवि खराब हुई : बंगाल-तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया; अगली सुनवाई 3 नवंबर को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले में राज्यों के रुख पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तलब किया है। अगली सुनवाई 3 नवंबर को होगी।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि केवल पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम ने ही अनुपालन हलफनामा (कार्रवाई की रिपोर्ट) दिया है।

**कोर्ट ने कहा–** बाकी राज्यों ने अब तक यह बताने वाली रिपोर्ट दाखिल नहीं




की है कि उन्होंने एनिमल बर्थ कंट्रोल (ABC) नियमों के तहत क्या कदम उठाए हैं।

**22 अगस्त– कोर्ट ने बढ़ाकर पूरे देश में कर दिया था**

22 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े केस का दायरा दिल्ली-एनसीआर से बढ़ाकर पूरे देश में कर दिया था और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसमें पार्टी बनाने का निर्देश दिया था। वहीं, कोर्ट ने कहा था, जिन कुत्तों को पकड़ा जाता है, उनकी नसबंदी और टीकाकरण कर जहां से उठाया है, वहीं वापिस छोड़ दिया जाए। हालांकि, रेबीज से संक्रमित और आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाए।

कोर्ट ने 11 अगस्त के 2 जजों की बेंच के उस आदेश को बेहद कठोर बताया था, जिसमें सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-NCR के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर हमेशा के लिए शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था।

# पुष्कर मेले में 15 करोड़ का घोड़ा पहुंचा,बादल अब तक 285 बच्चों का बाप बन चुका



### 800 किलो का भैंसा बुलबुल आकर्षण का केंद्र बना

**अजमेर, एजेंसी।** अजमेर के पुष्कर में पशु मेला परवान पर है। रेतीले नये मेला मैदान में अब घोड़ों की संख्या बढ़ गई है। मेले में पंजाब, हरियाणा आदि से आए अधिकतर घोड़े पालक जहां लग्जरी टेंट में रात गुजार रहे हैं। उनके टेंट के बाहर आलीशान और कीमती गाड़ियां खड़ी है।

बीकानेर से पशुपालक 800 किलो का मुर्रा नस्ल का भैंसा लेकर पुष्कर के रेतीले धोरों में पहुंचा है। जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए है। मेले में 5 साल का घोड़ा बादल भी पहुंचा है। बादल अब तक 285 बच्चों का बाप बन चुका है। जिसकी अब तक कीमत 11 करोड़ रुपए लग चुकी है। लेकिन बादल के मालिक राहुल उसे बेचना नहीं चाहते हैं।

पंजाब का पशुपालक गेरी अपना 6 शो जीत चुका 15 करोड़ का घोड़ा शाबाज लेकर पुष्कर मेले में पहुंचा है। शाबाज से ब्रीडिंग का पैसा 2 लाख रुपए है। मेले में श्रद्धालुओं के साथ-साथ देसी विदेशी सैलानियों की आवक दिनों दिन भी बढ़ती जा रही है।

**पुष्कर मेले में पर्यटकों का आगमन बढ़ा :** पुष्कर में पशु मेले की शुरुआत हो चुकी है, जबकि धार्मिक मेला 2 नवंबर को कार्तिक एकादशी स्नान के साथ



शुरू होगा।

मेले में श्रद्धालुओं के साथ-साथ देसी-विदेशी पर्यटकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। सरोवर के घाटों, मंदिरों और बाजारों में भारी भीड़ उमड़ रही है।

श्रद्धालु और पर्यटक सरोवर में स्नान, पूजा और मंदिरों के दर्शन करने के साथ-साथ नए मेला मैदान पहुंचकर पशुओं की अटखेलियां देखकर रोमांचित हो रहे हैं।

### पुष्कर मेला : एक ही दिन में 1500 घोड़े पहुंचे

रेतीले धोरों में पशुओं की मंडी सजकर तैयार है, जहां 3021 से अधिक पशुओं की आवक हो चुकी है, जिनमें ऊंट और घोड़े शामिल हैं। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक और मेला अधिकारी डॉ. सुनील घीया ने बताया कि रविवार शाम तक मेले में 3021 पशु दर्ज किए गए। इनमें सबसे ज़्यादा 2102 घोड़े हैं। इसके अलावा, 917 ऊंट, 1 गौवंश और 1 भैंस वंश भी आए हैं। कुल 234 जानवर राजस्थान के बाहर से आए हैं। डॉ. घीया ने बताया कि पुष्कर मेले में रविवार को एक ही दिन में लगभग 1500 घोड़े आए, जबकि ऊंटों की संख्या 184 रही।

# देश के 53वें चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस सूर्यकांत



### सीजेआई बीआर गवई ने नाम की सिफारिश की; 14 महीने का होगा कार्यकाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया हो सकते हैं। मौजूदा चीफ जस्टिस भूषण आर गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार इनके नाम की सिफारिश की।

इसके साथ CJI नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परंपरा है कि मौजूदा CJI अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का कहा जाता है। मौजूदा CJI गवई का कार्यकाल 23 नवंबर को खत्म हो रहा है।

उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को CJI के तौर पर शपथ लेंगे। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा। सुप्रीम कोर्ट के जज 65 साल की उम्र में रिटायर होते हैं।

### 10वीं की परीक्षा देने गए तब पहली बार शहर देखा था

जस्टिस सूर्यकांत हरियाणा के हिसार के एक गुमनाम से गांव पेटवाड़ से शुरू हुई। वे सत्ता के गलियारों से जुड़े विशेषाधिकारों से दूर पले-बढ़े। उनके पिता एक शिक्षक थे। आठवीं तक उन्होंने एक गांव के स्कूल में ही पढ़ाई की, जहां बैठने के लिए बेंच नहीं थीं। दूसरे गांव वालों की तरह जस्टिस सूर्यकांत ने अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए खाली समय में खेतों में काम किया। पहली बार शहर तब देखा जब वे दसवीं की बोर्ड परीक्षा देने हिसार के एक छोटे से कस्बे हांसी गए थे।

# महाराष्ट्र डॉक्टर सुसाइड केस :महिला का आरोप- डॉक्टर ने मेरी बेटी की नकली पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर साइन किए थे, नेचुरल मौत बताया था



**सातारा, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सातारा में महिला डॉक्टर के सुसाइड मामले में एक नया दावा किया गया है। यहां रहने वाली भाग्यश्री का आरोप है कि उनकी बेटी की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उसकी डेथ को नेचुरल बताया गया था। लेकिन शायद यह हत्या का मामला था। इस पर सुसाइड करने वाली डॉक्टर के साइन थे। लगता है कि उन पर पीएम रिपोर्ट बदलने का दबाव था।दरअसल, फलटण सिविल अस्पताल में पदस्थ महिला डॉक्टर ने 23 अक्टूबर को शहर के एक होटल में सुसाइड किया था। उसने आरोप लगाया था कि एक सांसद उसके दो क्ष सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदने पर आरोप लगाए थे कि ये लोग उस पर फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने का दबाव बनाते थे। गोपाल ने उसका 4 बार रेप भी किया था।

**भाग्यश्री पचंगने का आरोप...**

भाग्यश्री ने बताया कि मेरी बेटी दीपाली की शादी इंडियन आर्मी ऑफिसर अजिंक्य हनमंत निंबालकर से हुई थी। 17 अगस्त को दामाद ने बताया कि दीपाली की हालत गंभीर है। उसे फलटण के राउत हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दीपाली 6 महीने की प्रेग्नेंट थी, हमने सोचा उसकी तबीयत बिगड़ी होगी।

# एक्टर विजय ने करूर भगदड़ पीड़ितों को चेन्नई बुलाया, 37 पीड़ित परिवार पहुंचे

### एक महीने पहले भगदड़ में मारे गए थे 41 लोग

**महाबलीपुरम, एजेंसी।** तमिल एक्टर और तमिलगा वेत्रि कझगम (TVK) प्रमुख विजय करूर भगदड़ हादसे के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। यह मुलाकात सोमवार को महाबलीपुरम के रिसॉर्ट में होगी। हादसे को आज ( 27 अक्टूबर) के दिन ठीक एक महीना पूरा हो गया है।रिसॉर्ट में करीब 200 लोग पहुंच रहे हैं, इनमें 37 पीड़ित परिवार और कुछ घायल भी शामिल हैं। हर परिवार से चार से पांच सदस्य आए हैं। एक्टर विजय हर परिवार से अलग-अलग मुलाकात कर उनकी बात



सुनेंगे।मुलाकात क्लोज-डोर होगी। आम लोगों और मीडिया को जाने की अनुमति नहीं है। सिर्फ TVK के पदाधिकारी और बुलाए गए परिवारों के लोग ही होटल के अंदर मौजूद रहेंगे।

# लिव इन पार्टनर ने किया था पीएससी स्टूडेंट का मर्डर, तेल-घी और शराब डालकर जलाया; आरोपी का दावा- अश्लील वीडियो डिलीट नहीं किए, इसलिए मारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने गांधी विहार इलाके में यूपीएससी स्टूडेंट रामकेश मीणा की मौत से जुड़े केस में उसकी लिव इन पार्टनर समेत 3 लोगों को अरेस्ट कर लिया है। रामकेश की जली हुई लाश 6 अक्टूबर को उसके फ्लैट में मिली थी।

पुलिस सोर्स के मुताबिक फोरेंसिक साइंस में बीएससी कर रही 21 साल की अमृता ने ही अपने एक्स बॉयफ्रेंड और उसके दोस्त की मदद से रामकेश की हत्या की थी। इसके बाद उसकी



लाश को जला दिया था।

अमृता चौहान, सुमित कश्यप और संदीप कुमार तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रहने वाले हैं। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान कई टीमों ने इनकी तलाश की और 18 अक्टूबर को अमृता को अरेस्ट किया।

अमृता ने पुलिस को बताया कि मीणा के पास उसके अश्लील वीडियो थे और वह उन्हें डिलीट नहीं कर था। उसने यह बात एक्स बॉयफ्रेंड को बताई। फिर दोनों ने मीणा को खत्म करने की प्लानिंग की।

**पहले जानिए 6 अक्टूबर को क्या हुआ था**

6 अक्टूबर को पुलिस को दिल्ली के गांधी विहार स्थित ई-60 की चौथी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाई।

# प्यार... धोखा और कत्ल- पेट्रोल से लगाई आग, फिर सिलिंडर से किया धमाका; क्राइम सीरीज देख लिव-इन पार्टनर का मर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के गांधी विहार इलाके में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे रामकेश मीणा की मौत मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। सहमति संबंध में रहने वाली युवती ने पूर्व प्रेमी के साथ मिलकर छात्र की हत्या की साजिश रची थी। दिल्ली के गांधी विहार इलाके में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे रामकेश मीणा (32) की हत्या के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। हत्याकांड को उसकी लिव इन पार्टनर ने अपने पूर्व प्रेमी और एक अन्य के साथ अंजाम दिया था। पुलिस जांच में चौंकाने वाले राज खुले हैं। पुलिस ने मामले में मृतक रामकेश की लिव-इन पार्टनर, जो एक फोरेंसिक की छात्र है, और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमृता चौहान (21), सुमित कश्यप (27) और संदीप कुमार (29) के रूप में हुई है। सभी मुरादाबाद जिले (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले हैं।



**सहमति संबंध में रहने वाली युवती ने रची साजिश:** उत्तरी जिला के तिमारपुर इलाके में 5 अक्तूबर की रात यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र रामकेश मीणा (32) की मौत आग लगने से नहीं हुई थी। उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने हत्या की इस सनसनीखेज वारदात को सुलझाते हुए रामकेश के साथ सहमति संबंध में रहने वाली युवती समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**गला घोंटकर की रामकेश की हत्या:** दरअसल, रामकेश के पास अमृता के अश्लील वीडियो और फोटो एक हार्ड डिस्क में थे। बार-बार मांगने पर वह उनको नहीं दे रहा था। इसी बात पर अमृता ने अपने पूर्व प्रेमी सुमित के साथ मिलकर रामकेश की हत्या की साजिश रची। पांच अक्तूबर की रात को उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई।

**पेट्रोल डालकर कमरे में लगाई आग:** हत्या करने के बाद पेट्रोल डालकर कमरे में आग लगा दी। बाद में रसोई से एलपीजी सिलिंडर को खोलकर उसे भी आग में रख दिया गया। आग लगाने से पहले आरोपियों ने हार्ड डिस्क, ट्रॉली बैग व अन्य सामान कमरे से ले लिया। पुलिस ने इसको बरामद कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

**युवती से सुनाई साजिश की कहानी:** पूछताछ में अमृता ने अपराध कबूल करते हुए घटनाक्रम की जानकारी दी। उसने बताया कि वह मृतक रामकेश मीणा के साथ मई 2025 से सहमति संबंध में रह रही थी। अश्लील फोटो और वीडियो डिलीट करने को कहा तो वह तैयार नहीं हुआ। यह बात उसने अपने पूर्व प्रेमी सुमित कश्यप को बताई। हत्या में सुमित ने अपने दोस्त संदीप को शामिल किया। 5-6 अक्तूबर की रात तीनों ने रामकेश की गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में कमरे में पेट्रोल और शराब डालकर शव को आग के हवाले कर दिया। सुमित मुरादाबाद में गैस सिलिंडर का डिस्ट्रीब्यूटर है। उसने सिलेंडर खोलकर आग लगाई ताकि विस्फोट से मामला हादसे के जैसा लगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गर्लफ्रेंड अमृता ने हत्या को हादसा दिखाने के लिए कई क्राइम सीरियल भी देखे थे। उसी से यह आइडिया मिला। प्रेमिका अमृता फॉरेंसिक साइंस की स्टूडेंट है, उसे यह जानकारी थी कि हत्या को हादसा कैसे दिखाया जाए। 5-6 अक्तूबर की रात में अमृता और सुमित घर में पहुंचे। यहां रामकेश की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद रामकेश के शव पर घी, तेल, शराब समेत घर में रखा ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया और आग लगा दी। इसके बाद आरोपियों ने आग में गैस सिलिंडर रख दिया। सिलिंडर से हल्की गैस ऑन कर दी। उसके पूर्व प्रेमी संदीप को यह जानकारी थी कि गैस खोलने के बाद कितनी देर में ब्लास्ट होता है। प्रेमिका अमृता ने दरवाजे की जाली में छेद किया, साथ ही बाहर आकर जाली में हाथ डालकर अंदर से गेट बंद क दिया था। अमृता और उसके पूर्व सुमित के घर से बाहर निकलने के कुछ समय बाद ही धमका हो गया। इस पूरे मामले का पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पर्दाफाश किया है।

**पुलिस को ऐसे मिला सुराग:** उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि 6 अक्तूबर की रात को गांधी विहार स्थित मकान नंबर-ई-60 की चौथी मंजिल पर आग लगने की खबर मिली थी। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने पर टीम को एक बुरी तरह जला हुआ शव बरामद हुआ। बाद में मृतक की शिनाख्त रामकेश मीणा के रूप में हुई। रामकेश यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। शुरुआती जांच में इसे हादसा माना गया। पुलिस ने मामले की छानबीन की तो सीसीटीवी फुटेज में एक युवती और दो युवक वारदात के समय रामकेश के कमरे के पास देखे गए। जांच में लड़की की पहचान अमृता चौहान के रूप में हुई। उसकी लोकेशन वारदात वाली रात उसी इलाके में पाई गई।

# छह महीने में 360 करोड़ की तस्करी : दिल्ली कस्टम्स ने 74 लोगों को किया गिरफ्तार, नए तरीके अपना रहे तस्कर

**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कस्टम्स ने पिछले छह महीनों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 360 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने और मादक पदार्थों की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में 74 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जब्त किए गए सामानों में 26.269 किलोग्राम सोना और 239 किलोग्राम नशीले पदार्थ शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत 362.71 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। दिल्ली कस्टम्स ने एक्स सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान अब तक 26.269 किलोग्राम सोना जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 24.68 करोड़ रुपये है। वहीं मादक पदार्थों के 52 मामलों में 239 किलोग्राम नशीले पदार्थ (गांजा, कोकीन आदि) जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत 338.03 करोड़ रुपये है। इस दौरान 74 व्यक्तियों को कानून के उल्लंघन के लिए गिरफ्तार किया गया। कुल 10.80 करोड़ रुपये का शुल्क भी वसूला गया है, जिससे देश की आर्थिक सीमाओं की रक्षा सुनिश्चित की गई है। ये कार्रवाई 15 अक्तूबर 2025 तक की है।



दिल्ली कस्टम्स द्वारा किए गए पोस्ट में यह भी बताया गया कि स्वच्छता अभियान के तहत 16 अक्तूबर को करीब 850 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ नष्ट किए गए। इस बीच, दिल्ली हवाईअड्डे पर कस्टम्स अधिकारी लगातार सोने और मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों का खुलासा कर रहे हैं।

कस्टम्स ने कहा कि सोने की तस्करी के मामले में मानव बुद्धि की उपज कई अप्रत्याशित तरीके खोज लेती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते इसकी तस्करी अलग-अलग तरीके से हो गई है। हालांकि, दिल्ली एयरपोर्ट कस्टम्स की सतर्कता ने इन प्रयासों को नाकाम किया है। रविवार को कस्टम्स अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक भारतीय यात्री को रोककर उसके सामान से मादक पदार्थों की तस्करी का मामला पकड़ा। अधिकारियों के अनुसार, यात्री के बैग में बने गुप्त हिस्से (फॉल्स बॉटम) से 2.5 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया। एक किलोग्राम गांजा की कीमत ग्रे मार्केट में करीब एक करोड़ रुपये बताई जाती है।

इसके अलावा 25 अक्तूबर को दुबई से आए एक भारतीय यात्री के पास सोने की तस्करी का भी मामला पकड़ा गया। यात्री ने पानी की बोतल के प्लास्टिक ढक्कन में बदलाव कर उसके अंदर बेलनाकार सोने का टुकड़ा छिपाया हुआ था। अधिकारियों की सतर्कता से यह चालाकी पकड़ में आ गई। जांच में बोतल के ढक्कन से 170 ग्राम सोना बरामद किया गया। भले ही मात्रा कम थी, लेकिन तस्करी का एक नया तरीका उजागर हुआ।

# मदनलाल खुराना का योगदान दिल्ली के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना का योगदान दिल्ली के इतिहास में हमेशा स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उनके नेतृत्व और दूरदृष्टि ने दिल्ली को न केवल एक आधुनिक शहर में बदलने का सपना देखा, बल्कि उसे वास्तविकता में भी बदलने के लिए अथक परिश्रम किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली सरकार ने उनकी स्मृति में पंजाबी बाग चौक का नाम मदनलाल खुराना के नाम पर रखा है। यह नामकरण दिल्ली के विकास में उनके अथक परिश्रम को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक ईमानदार प्रयास है। उनकी पुण्यतिथि पर हम उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।

# प्रदूषण की धुंध में खिली उम्मीद की उड़ान, तितलियों का रंगीन संसार कर रहा है सभी को आकर्षित

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली की आबोहवा में प्रदूषण की धुंध के बीच मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग के किनारे फैली हरियाली को तितलियों ने अपना आशियाना बना लिया है। रंग-बिरंगी तितलियों ने अपनी मौजूदगी से इस इलाके को 'बटरफ्लाई पट्टी' का रूप दे दिया है। करीब छह से सात किलोमीटर तक फैले इस हरित क्षेत्र में तितलियों की अनगिनत प्रजातियां नजर आने लगी हैं। नीली, पीली, नारंगी और धारीदार रंगों की तितलियां हर किसी को आकर्षित कर रही हैं। सरदार पटेल मार्ग और राष्ट्रपति भवन के पीछे वाले मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर पर तितलियों को लाने के लिए न कोई विशेष योजना चलाई गई न तितली पार्क बनाया गया। यह इलाका खुद-ब-खुद तितलियों का स्वर्ग बन गया, क्योंकि यहां की हरियाली, पौधों का चयन उनके अनुकूल साबित हुआ। दरअसल दो साल पहले यहां पर जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान एनडीएमसी ने इन दोनों मार्गों के दोनों ओर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया था। फुटपाथ के किनारे झाड़ियों, मध्यम ऊंचाई वाले पौधों और बेलदार हरियाली के संयोजन ने यहां एक प्राकृतिक इको-सिस्टम तैयार कर दिया। इस पूरे मार्ग की देखरेख नियमित रूप से की जाती है, मगर रासायनिक खाद और कीटनाशकों का प्रयोग नहीं किया जाता है। इस कारण तितलियों के लिए यह क्षेत्र सुरक्षित आश्रय स्थल बन गया।

**तितलियों का होना पर्यावरण के लिए शुभ संकेत:** पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी क्षेत्र में तितलियों की बढ़ती संख्या वहां के पारिस्थितिक स्वास्थ्य का संकेत होती है। तितलियां जैव विविधता का अहम हिस्सा हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि जिस इलाके में तितलियों की मौजूदगी बढ़ती है, वहां की हवा अधिक स्वच्छ, पौधों का विकास बेहतर और मिट्टी की गुणवत्ता भी सुधरती है। लिहाजा तितलियां सिर्फ सुंदरता का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती का पैमाना भी हैं।

**रहने के लिए अनुकूल माहौल:** तितलियों को सूर्य की पर्याप्त रोशनी, विविध प्रजातियों के फूल, कीटनाशकों का इस्तेमाल कम से कम और आसपास पानी और छायादार जगह सबसे अधिक पसंद है। यह दोनों मार्ग इन सभी शर्तों पर खरा उतरते है। यहां सुबह की धूप, शाम की ठंडी बयार और बीच में फैली हरियाली ने तितलियों के लिए आदर्श आवास बना दिया है। वर्तमान में यहां कॉमन क्रो,



लाइम बटरफ्लाई, ब्लू टाइगर, लेमन पैंसी जैसी तितलियों की कई सामान्य प्रजातियों के अलावा कुछ दुर्लभ किस्में भी देखी जा रही हैं, जो आमतौर पर दिल्ली के शहरी इलाकों में दिखाई नहीं देतीं।

**तितलियों ने मौजूदगी से बना 'सेल्फी स्पॉट':** तितलियों के झुंड के बीच चलना लोगों के लिए एक खुशनुमा अहसास साबित हो रहा है। इस दौरान वह तितलियों के साथ सेल्फी भी लेते हैं। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि इस क्षेत्र को 'अर्बन बटरफ्लाई ट्रेल' के रूप में विकसित करने पर विचार है।

# मुठभेड़ के बाद कुख्यात अपराधी गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में दक्षिण-पूर्वी जिले की एटीएस ने अमर कॉलोनी इलाके में एक मुठभेड़ के बाद कुख्यात बदमाश भारत उर्फ तेजा को गिरफ्तार किया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। जबकि एक पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी गोली लगी। जिससे उनकी जान बच गई। मौके से एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और तीन खाली खोखे बरामद हुए हैं।

दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने सोमवार को बताया कि आरोपित भारत उर्फ तेजा थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहा था। दीपावली की रात 20/21 अक्टूबर को दो घोषित बदमाशों के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तेजा ने अपने साथियों के साथ मिलकर फायरिंग की थी। घटना के बाद वह फरार हो गया था।

26-27 अक्टूबर की दरमियानी रात एएटीएस को सूचना मिली कि तेजा आस्था कुंज पार्क के पास दिखाई दिया है। इंस्पेक्टर अजय दलाल के नेतृत्व में एसआई जितेंद्र, एएसआई सुरेश, एचसी शेर सिंह, एचसी नथूराम, कॉन्स्टेबल शिवम और साहिल की टीम ने इलाके में जाल बिछाया। कुछ देर बाद जब पुलिस ने उसे घेरने की कोशिश की तो उसने अचानक पिस्तौल निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। गोली हेडकांस्टेबल शेर सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी कार्रवाई में एसआई जितेंद्र ने आत्मरक्षा में फायर किया, जिससे एक गोली बदमाश के पैर में जा लगी। पुलिस ने तुरंत उसे काबू कर एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया।

पुलिस उपायुक्त के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की भारत उर्फ तेजा (28) आईजी कैंप, तैमूर नगर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि वह हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट जैसे 9 गंभीर मामलों में पहले भी शामिल रहा है। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह पार्क के आसपास लोगों को डराने और लूटपाट की फिराक में घूम रहा था।

## नाराज बेटे ने पिता के खाते में लगाई सेंध... 26.32 लाख का खरीदा सोना, खुलासा होने पर गिरफ्तार

**दिल्ली, एजेंसी।** आजादपुर मंडी में पार्किंग ठेकेदारी करने वाले एक शख्स ने अपने बड़े बेटे को पार्किंग का काम सौंप दिया। दूसरी पत्नी का बेटा इस बात से इस कदर नाराज हुआ कि उसने चुपचाप पिता के खाते से 26.32 लाख की ठगी कर ली। आरोपी ने पिता के खाते से सोना खरीद लिया।

पिता को जब वारदात का पता चला तो पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस छानबीन में मामले का खुलासा हो गया। अपराध शाखा की साइबर सेल ने शिकायतकर्ता के बेटे शिवम शर्मा (25) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने करीब 13 लाख रुपये का सोना और उसके खाते से 3 लाख रुपये बरामद कर खाता फ्रीज कर दिया।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि पिछले दिनों 68 साल के एक बुजुर्ग ने 26 लाख से अधिक की साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि उनका आजादपुर में पार्किंग का काम है। उनके खाते से किसी ने 26.32 लाख रुपये चुपचाप निकाल लिया। शिकायत के समय उनका बेटा शिवम भी उनके साथ था।

पुलिस पूछताछ में शिवम ने बताया कि उसके पिता ने दो शादियां की हैं। वह दूसरी पत्नी से है। पिता ने हमेशा पहली पत्नी और बच्चों को तव्वजों दी। इसकी वजह से हमेशा उसकी मां और वह खुद आर्थिक तंगी से गुजरते रहे। पिता ने जब अपना कारोबार पहली पत्नी के बेटे को सौंपा तो वह चिढ़ गया। पिता को ऑन लाइन लेनदेन की कम जानकारी थी। आरोपी ने इसका फायदा उठाया।

मार्च 2025 में पिता पहली पत्नी की मौत पर उनके अंतिम संस्कार में गए तो आरोपी ने एक यूपीआई आईडी बनाई। बाद में खाते से लिंक सिमकार्ड भी अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद आरोपी ने नामी ई-कॉमर्स साइट से 26.32 लाख का सोना खरीद लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उसके घर की अलमारी में रखे सोने को बरामद कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी ग्रेजुएट है और कॉल सेंटर में काम कर चुका है। पुलिस बाकी रकम को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

# चीन में शीर्ष पार्टी नेता भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोपों में पार्टी से निष्कासित

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी)के भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े रूख के तहत एक शीर्ष पार्टी पदाधिकारी को भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप में निष्कासित कर दिया गया है। उन्हें सभी सार्वजनिक पदों से भी हटा दिया गया है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, हुबेई प्रांत के पूर्व पार्टी सचिव जियांग चाओलियांग को सत्ता के लिए धन के व्यापक सौदे एवं परिवार-आधारित भ्रष्टाचार में संलिप्तता, पार्टी अनुशासन और कानूनों के गंभीर उल्लंघन के लिए सीपीसी से निष्कासित कर सभी सार्वजनिक पदों से बर्खास्त कर दिया गया है।



एजेंसी के अनुसार 14वीं राष्ट्रीय जनवादी कांग्रेस (एनपीसी) की स्थायी समिति के पूर्व सदस्य और एनपीसी की कृषि एवं ग्रामीण मामलों की समिति के उपाध्यक्ष जियांग, फरवरी से पार्टी अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन के संदेह में जांच के दायरे में हैं। इस बीच सीपीसी की केंद्रीय समिति की जाँच में पाया गया कि जियांग अपने आदर्शों और भरोसे को खो चुके थे। उन्होंने भोज और यात्रा व्यवस्था स्वीकार करके केंद्रीय पार्टी के आठ-सूत्रीय नियमों का उल्लंघन किया, जिससे उसके कर्तव्यों के निष्पक्ष निर्वहन पर असर पड़ा। सीपीसी केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग (सीसीडीआई) की स्थायी समिति की वेबसाइट पर प्रकाशित बयान के अनुसार, जियांग ने कार्मिक चयन और भर्ती में दूसरों को लाभ पहुँचाने की कोशिश करके और बदले में धन और उपहार स्वीकार करके संगठनात्मक सिद्धांतों का भी उल्लंघन किया। एजेंसी के मुताबिक उनकी अवैध कमाई जब्त कर ली गई है। उनके संदिग्ध आपराधिक मामले को संबंधित संपत्तियों के साथ आगे की जांच के लिए अभियोजन पक्ष को सौंप दिया गया है।

# देउवा दंपत्ति इलाज के लिए सिंगापुर जाने की तैयारी में, सरकार से मांगी इजाजत

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउवा और उनकी पत्नी तथा पूर्व विदेश मंत्री डा आरजू देउवा इलाज के लिए सोमवार रात सिंगापुर जाने की तैयारी में हैं। इसके लिए उन्होंने सरकार से इजाजत मांगी है। जेन जी प्रदर्शन के क्रम में प्रदर्शनकारियों के आक्रमण के शिकार हुए देउवा दंपत्ति पर सरकार के तरफ से गठित न्यायिक जांच आयोग ने उनके पासपोर्ट को निलंबित करते हुए काठमांडू से बाहर जाने पर रोक लगाई हुई है।



नेपाली कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष पूर्ण बहादुर खड़का ने बताया कि जेन जी प्रदर्शन के क्रम में शेरबहादुर देउवा पर हुए जानलेवा हमले में उन्हें गंभीर चोट आई थी जिसके कारण से उनके सर पर 12 टांका लगा हुआ है। इसी तरह तत्कालीन विदेश मंत्री डा आरजू देउवा को भी काफी चोट लगी है। उस घटना के बाद दोनों को सेना की सुरक्षा में सैनिक अस्पताल में इलाज किया गया था।

खड़का के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री देउवा को उठ कर बैठने में दिक्कत हो रही है बार बार उन्हें चक्कर आता है। इसी कारण से उपचार के लिए सिंगापुर ले जाया जा रहा है। खड़का ने बताया कि आज रात 10 बजे सिंगापुर एयरलाइंस के विमान से देउवा दंपत्ति सिंगापुर के तरफ रवाना होने वाले हैं। उन्होंने बताया कि देउवा दंपत्ति के देश से बाहर जाने के लिए सरकार से इजाजत मांगी गई है और उन्हें उम्मीद है कि मानवीय आधार पर और मेडिकल ग्राउंड पर उन्हें सिंगापुर जाने से नहीं रोक जाएगा।

जेन जी प्रदर्शन के बाद अब तक सिर्फ एक बार ही शेरबहादुर देउवा और आरजू देउवा सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखाई दिए। पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में उपस्थित होकर शेरबहादुर देउवा ने सक्रिय राजनीति से विदा लेते हुए पूर्ण बहादुर खड़का को पार्टी का कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने की घोषणा की थी। इस दौरान डा आरजू देउवा भी नजर आई थी।

# मलयेशिया में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मिले जयशंकर, आसियान में हुई अहम बैठक

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मलयेशिया में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। मलयेशिया में आयोजित किए जा रहे आसियान सम्मेलन से इतर दोनों नेताओं की मुलाकात हुई। इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों और व्यापार समझौते पर बात हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि सुबह कुआलालंपुर में अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रूबियो से मिलकर खुशी हुई। इस मुलाकात में हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत हुई। मार्को रूबियो ने कहा- भारत की कीमत पर पाकिस्तान से संबंध नहीं दोनों नेताओं की मुलाकात का



समय बेहद अहम है। दरअसल अमेरिकी टैरिफ के चलते दोनों देशों के रिश्तों में थोड़ा खिंचाव है। हालांकि हालात को संभालने की दोनों तरफ से कोशिश हो रही है। मलयेशिया में अपने हालिया बयान में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत से रिश्तों की कीमत पर पाकिस्तान से संबंध मजबूत नहीं करेगा अमेरिका। रूबियो ने कहा कि भारत को समझना चाहिए कि हमें कई देशों के साथ संबंध रखने की जरूरत है। हम पाकिस्तान के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को बढ़ाने का अवसर देखते हैं। मार्को रूबियो ने दोहराया कि अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों में जो भी कदम उठाए जा रहे हैं, वह अमेरिका और भारत के बीच गहरे, ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण संबंधों के नुकसान पर नहीं हैं।

# बांग्लादेश के युवक की सिलहट सीमावर्ती क्षेत्र में गोली मारकर हत्या

**ढाका,एजेंसी।** बांग्लादेश-भारत के सिलहट सीमावर्ती क्षेत्र कनाईघाट में लखीप्रसाद पूर्वो संघ के धाना क्षेत्र में सशस्त्र खासिया समुदाय के लोगों की गोलीबारी में 25 वर्षीय शकील अहमद की मौत हो गई। यह घटना रविवार शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है।ज ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार शकील की हत्या धाना सीमा पर मुख्य सीमा स्तंभ संख्या 1334 से लगभग 300 गज की दूरी पर हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार सीमा के पास बांग्लादेश के धना पटिचरा गांव के अब्दुर रऊफ का बेटा शकील अहमद दो अन्य लोगों के साथ रविवार दोपहर सुपारी लेने घुसा था।

# समय सीमा बैठक संपन्न कृ स्थापना दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी तथा अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय द्वारा विभागवार लंबित प्रकरणों एवं सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई।





बैठक में गत माह शिकायतों के निराकरण में जिले को 'बी' ग्रेड प्राप्त होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अक्टूबर माह में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में 'ए' ग्रेड प्राप्त करने हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि इस माह यदि अपेक्षित प्रगति नहीं हुई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

सीईओ जिला पंचायत श्री सोलंकी ने कहा कि सभी विभाग निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों एवं नॉन अटेंडेड शिकायतों की गंभीरता से निगरानी करें तथा इन दोनों घटकों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय ने सभी उपखंड अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित निराकरण में पहल करने और उपखंड स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में 31 अक्टूबर को 'समाधान एक दिवस' के रूप में मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत शिविरों के माध्यम से अधिकतम शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण किया जाएगा।

अपर कलेक्टर ने आगे बताया कि 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय एवं उत्सवमय वातावरण में किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के प्रमुख शासकीय भवनों पर प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिला उत्पादों का प्रदर्शन, तथा उत्कृष्ट कार्यों से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को भी राजस्व प्रकरणों के तत्परता से निराकरण एवं आदेश पारित होने के उपरांत इत्तिलाबी की समय सीमा में पूर्ति करने के निर्देश दिए।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, विकास आनंद, उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, सिहावल प्रिया पाठक, मझौली आर.पी. त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवक की कुएं में डूबने से मौत, भतीजी को बचाने कुएं में कूदा; यूपी से आया था चाचा के घर



**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली ( निप्र )।** सिंगरौली के मोरवा थाना क्षेत्र की सीटीआई बस्ती में रविवार शाम एक युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। वह अपनी भतीजी को बचाने के प्रयास में कुएं में कूदा था। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 20 वर्षीय अनुराग के रूप में हुई है। वह अपनी भतीजी को कंधे पर बैठाकर ले जा रहा था। इसी दौरान बच्ची अचानक पास के एक कुएं में गिर गई। उसे बचाने के लिए अनुराग ने तुरंत कुएं में छलांग लगा दी। एक स्थानीय महिला की सूझबूझ से बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, अनुराग का करीब आधे घंटे तक पता नहीं चल सका। लोगों ने कुएं में उतरकर खोजबीन की और उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। नुराग मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया का रहने वाला था। वह कुछ समय से सीटीआई बस्ती में अपने चाचा के पास रह रहा था। इस घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर मोरवा थाना प्रभारी उमेश प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## बच्चे सड़क पर, शिक्षक बाजार में, बरम बाबा स्कूल में बड़ी लापरवाही; प्रिंसिपल को नहीं टीचर की जानकारी

**मीडिया ऑडिटर, सीधी ( निप्र )।** ग्राम बरम बाबा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में बड़ी लापरवाही सामने आई है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे स्कूल के बच्चे परिसर के बाहर सड़कों पर खेलते हुए पाए गए, जबकि कई शिक्षक स्कूल से नदारद थे। इस घटना ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विद्यालय में कुल सात शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें प्रधानाध्यापक उदयभान पनिका, आकांक्षा मिश्रा, सोमेश्वर सिंह, अतिथि शिक्षक सोना पटेल, कल्पना चतुर्वेदी और दो अन्य शिक्षक शामिल हैं। हालांकि, सोमवार को मौके पर केवल चार शिक्षक ही उपस्थित मिले।



**पूछने पर जवाब नहीं दे सके शिक्षक:** जांच के दौरान पता चला कि शिक्षक सोमेश्वर सिंह बाजार में सामान लेने का बहाना बनाकर स्कूल से बाहर गए हुए थे। जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनका कुछ जरूरी काम था। वह अन्य अनुपस्थित शिक्षकों के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाए। स्कूल परिसर में केवल अतिथि शिक्षक सोना पटेल और कल्पना चतुर्वेदी ही बच्चों को पढ़ाती दिखीं। प्रधानाध्यापक उदयभान पनिका स्वयं स्कूल परिसर के बाहर टहलते हुए पाए गए। बच्चों ने भी विद्यालय की स्थिति उजागर की। कक्षा दूसरी के छात्र जितेंद्र सिंह ने बताया, रोज का यही हाल है, हम आते हैं, खाना खाते हैं और चले जाते हैं। कभी-कभी ही क्लास लगती है। इस विद्यालय में कक्षा 1 से 8वीं तक कुल 202 विद्यार्थी नामांकित हैं। इसके बावजूद, शिक्षण व्यवस्था का यह हाल है कि बच्चों को नियमित पढ़ाई नहीं मिल पा रही है।

**प्रिंसिपल बोले- मुझे पता नहीं:** जब प्रधानाध्यापक उदयभान पनिका से इस पूरे मामले पर सवाल किया गया, तो उन्होंने टालमटोल करते हुए कहा, मैं आता हूं, बाकी का मुझे पता नहीं। कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारी करेंगे।

## तेज बारिश से धान की फसल गिरी, मझौली क्षेत्र में किसानों की चिंता बढ़ी; ठंड ने दी दस्तक

**मीडिया ऑडिटर, सीधी ( निप्र )।** सीधी जिले के मझौली थाना क्षेत्र और आसपास के गांवों में सोमवार शाम लगभग एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इस मूसलाधार वर्षा से खेतों में खड़ी धान की तैयार फसलें गिर गईं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश के साथ ही क्षेत्र में ठंड ने भी दस्तक दे दी है। ग्राम ताला, भरौली, घघरी, बमुरी और पतरिया सहित कई इलाकों में तेज हवा के साथ पानी गिरा। इस बारिश से सड़कों पर पानी भर गया और कुछ खेतों में भी जलभराव की स्थिति बन गई।



मौसम विभाग के अनुसार, यह बारिश पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हुई है, जिसने उत्तर-पूर्वी मध्यप्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज कराई। पिछले एक महीने से बारिश न होने और अक्टूबर के अंत तक गर्मी से परेशान लोगों को इस वर्षा से कुछ राहत मिली है। हालांकि, इस बारिश ने मौसम में ठंडक घोल दी है, लेकिन किसानों के लिए यह चिंता का विषय बन गई है। क्षेत्र में धान की फसल पूरी तरह पक कर तैयार थी और कई किसानों ने कटाई भी शुरू कर दी थी। अचानक हुई इस वर्षा से खेतों में खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि पानी के कारण धान की बालियां झुक गई हैं और कई जगह फसल गिर गई है, जिससे कटाई और मड़ाई दोनों प्रभावित होंगी। यदि अगले कुछ दिनों तक खेतों में पानी भरा रहा, तो धान के उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

**कटाई मुश्किल होगी:** ग्राम ताला के किसान रामलाल बैगा ने बताया, फसल लगभग तैयार थी, बस कटाई बाकी थी। अब बारिश से धान गिर गया है, कटाई मुश्किल होगी। ग्रामीणों ने भी कहा कि बारिश के बाद मौसम ठंडा जरूर हो गया है, लेकिन किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है।

## सफाईकर्मियों को 4 माह से वेतन नहीं मिला, भाजपा नेता ने उठाई आवाज; टेक्नीशियन की भी मांग

**मीडिया ऑडिटर, सीधी( निप्र )।** सीधी जिले के सिहावल क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है। अमिलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सिहावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सफाईकर्मियों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिला है। इस मुद्दे पर समाजसेवी और भाजपा नेता पवनधर द्विवेदी ने आवाज उठाई है। सिहावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चार और अमिलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो सफाई कर्मी तैनात हैं। चार महीने से वेतन न मिलने के कारण ये सभी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कर्मियों ने अपनी समस्या पवनधर द्विवेदी से साझा की। द्विवेदी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार शाम 4 बजे विधायक, सांसद, बीएमओ और सीएमएचओ से तत्काल वेतन जारी करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

**एक दूसर के पाले गेंद उछाल रहे अधिकारी:** बीएमओ सिहावल डॉ. रामभूषण पटेल ने बताया कि उनके स्तर पर वेतन नहीं रोका गया है, बल्कि सीधी जिले की सीएमएचओ डॉ. बबिता खरे के यहां से भुगतान रुका हुआ है। सीएमएचओ डॉ. बबिता खरे ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं थी और वे कारणों की जांच कराएंगी। वेतन के मुद्दे के साथ ही, पवनधर द्विवेदी ने अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सामने आया कि केंद्र में सोनोग्राफी मशीन तो उपलब्ध है, लेकिन उसे चलाने के लिए कोई टेक्नीशियन नहीं है।

## अब कोदो-कुटकी की समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी कृ किसान

**मीडिया ऑडिटर, सीधी ( निप्र )।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने जानकारी दी है कि राज्य शासन द्वारा पहली बार कोदो और कुटकी फ़सलों का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने की नीति लागू की गई है। यह निर्णय कोदो-कुटकी उत्पादक किसानों के हित में लिया गया एक ऐतिहासिक कदम है। इन फ़सलों के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 10 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गई है। अतः जिले के किसान निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि उन्हें शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त हो सके।

## मोबाइल चोरी के शक में युवक से मारपीट, खेत से घर तक घसीटा; जूते-पाइप से पीटा, पुलिस ने लिया एक्शन

**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली ( निप्र )।** भैया हम झूठ नहीं बोल रहे... हमने मोबाइल नहीं चुराया... सच कह रहे हैं। ये शब्द हैं उस पीड़ित युवक के जिसको दो युवकों ने मोबाइल चोरी का इल्जाम लगाकर पीटा और उसका वीडियो बनाया। मामला सिंगरौली जिले का है। यहां के माड़ा थाना क्षेत्र के सितुल गांव में हुई इस घटना का वीडियो सोमवार को सामने आया है, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। यह घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है।



**पहले खेत में फिर घर में बांधकर पीटा:** जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए दो युवकों ने उसे पहले खेत में बांधकर पीटा। वीडियो में दिख रहा है कि युवक को रस्सी से बांधा गया और जूते की बट और पाइप से उस पर लगातार वार किए गए। पिटाई के बाद, आरोपियों ने युवक को एक घर के अंदर खंभे से बांध दिया। यहां भी उसके पैर के तलवों पर लोहे के पाइप मारे। इस पूरी घटना का एक तीसरे युवक ने वीडियो बनाया था।

**आरोपी पीटते हुए बोले- वीडियो पर कमेंट करें:** वीडियो में आरोपी युवक को कहीं खेत तो कहीं पेड़ से बांधकर पीट रहे हैं। साथ वीडियो बनवा कर बोल रहे हैं इस वीडियो पर कमेंट करें। इस दौरान पीड़ित लगातार रोता जा रहा है। और आरोपी उसपर पाइप बरसाते हैं।

**पीड़ित की पहचान हुई:** वीडियो वायरल होने के बाद माड़ा थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित युवक का पता लगा लिया है। उसकी शिकायत दर्ज की जा रही है और आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## छठ पूजा पर कोल परिवहन प्रतिबंधित, 27 और 28 अक्टूबर को प्लाई-ऐश वाहनों की आवाजाही पर भी रोक

**मीडिया ऑडिटर, सिंगरौली ( निप्र )।** सिंगरौली में छठ पूजा के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट गौरव बेनल ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत, 27 अक्टूबर दोपहर 2 बजे से 28 अक्टूबर दोपहर 2 बजे तक जिले में कोल परिवहन और प्लाई-ऐश वाहनों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह निर्णय पुलिस अधीक्षक सिंगरौली की रिपोर्ट और सुझावों के आधार पर लिया गया है। आदेश में बताया गया है कि छठ पूजा के अवसर पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भारी भीड़ रहती है, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना और अव्यवस्था की आशंका बढ़ जाती है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से लगाया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से पूरे सिंगरौली जिले में लागू होगा।



## मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही पर 4 प्राधिकृत कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**मीडिया ऑडिटर, सीधी ( निप्र )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था.निर्वा.) द्वारा नगरीय निकायों की फ़ोटोयुक्त मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर चार प्राधिकृत कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। नगरीय निकायों की मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत गीता गुप्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं रणमत सिंह चौहान प्राथमिक शिक्षक सहियान कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटहा विकासखंड सीधी तथा पंचायत क्षेत्रों की फ़ोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण के अंतर्गत राकेश कुमार वर्मा माध्यमिक शिक्षक माध्यमिक शाला पडैनिया तथा कृष्णपाल सिंह प्राथमिक शिक्षक शिक्षा गारंटी जोगीपुर की दावे/आपत्तियाँ प्राप्त करने हेतु प्राधिकृत कर्मचारी के रूप में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक के प्रतिवेदन के अनुसार, उनके भ्रमण 14 अक्टूबर को उक्त कर्मचारी अपने-अपने दावे/आपत्ति केंद्रों पर अनुपस्थित पाए गए, साथ ही केंद्र भवनों पर ताला बंद पाया गया। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्राधिकृत कर्मचारियों को निर्धारित केंद्रों पर पूरे समय उपस्थित रहकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करना अनिवार्य है, किन्तु संबंधित कर्मचारियों द्वारा घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं उदासीनता प्रदर्शित की गई है।

# फिट है इसलिए हिट है' के तहत पैदल चाल

## वन विभाग के अफसर बोले- शारीरिक ऊर्जा से मानसिक ताजगी बनी रहती है

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** संजय टाइगर रिजर्व के कुसमी वन मंडल के मोहन परिक्षेत्र में सोमवार को %फिट है इसलिए हिट है% थीम पर आधारित शारीरिक क्षमता परीक्षण और पैदल चाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका नेतृत्व सहायक संचालक भरत सिंह सोलंकी और उप वन मंडल अधिकारी कुसमी ने किया। इसमें मोहन, टमसार बफर और भुईमांड़ बफर परिक्षेत्र के वनपाल, उपवन क्षेत्रपाल और वनरक्षकों समेत 28 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। शुरुआत सुबह व्यायाम के साथ हुई, जिसके बाद दोपहर 1 बजे जूरी बैरियर गेट से 10 किलोमीटर की दूरी तय की गई। यह चाल कठपुतलिया तालाब तक 5 किलोमीटर जाकर वापस आने के रूप में पूरी हुई।





इस दौरान सहायक संचालक सोलंकी और उप वन मंडल अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ चलकर उनकी शारीरिक क्षमता का आकलन किया। कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों को सामूहिक व्यायाम भी कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन कर्मचारियों में शारीरिक ऊर्जा और मानसिक ताजगी बनाए रखते हैं, जिससे वे वन्यजीव संरक्षण, अपराध नियंत्रण और अन्य जिम्मेदारियों को अधिक प्रभावी ढंग से निभा पाते हैं।

**शारीरिक रूप से फिट रहना अनिवार्य:** सहायक संचालक ने कार्यक्रम में कहा कि वन विभाग के मैदानी कर्मचारियों का कार्य चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा होता है। उन्हें 24 घंटे सतर्क रहना पड़ता है, इसलिए शारीरिक रूप से फिट रहना अनिवार्य है। उन्होंने इस पहल को नियमित रूप से जारी रखने की घोषणा की और इसे हर महीने आयोजित करने का सुझाव भी दिया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रदीप द्विवेदी, अजीत कुमार नामदेव (कंप्यूटर ऑपरेटर), वाहन चालक रामनाथ पनिका और सुरक्षा श्रमिक जगन्नाथ पनिका का विशेष सहयोग रहा। सहायक संचालक भरत सिंह सोलंकी ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह और अनुशासन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फिट कर्मचारी ही विभाग की असली ताकत हैं।

## आरएसएस का पथ संचलन निकला :जिला प्रचारक बोले- ऐसे कार्यक्रमों से देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलता है





**मीडिया ऑडिटर, सीधी (निप्र)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को सिहावल जनपद के अमिलिया में पथ संचलन आयोजित किया गया। अमिलिया थाना मोड़ से चुरहट चौराहा तक निकाले गए इस संचलन में 280 स्वयंसेवक शामिल हुए। यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों की श्रृंखला का एक हिस्सा था। जिला प्रचारक शुभम ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होना समाज में संगठन और सेवा की भावना को सशक्त करने का एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्वयंसेवकों में अनुशासन, निष्ठा और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देते हैं। शुभम ने यह भी कहा कि संघ का मूल उद्देश्य समाज में एकता, संगठन और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने इन आयोजनों को हिंदू समाज में दिख रही जागरूकता और आत्मविश्वास की लहर का प्रतीक बताया। भाजपा नेता पवन धर द्विवेदी ने कहा कि ऐसे आयोजन अनुशासन, एकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करते हैं, साथ ही युवाओं को समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता पवन धर द्विवेदी, सिहावल खंड के अधिकारी दीपक शुक्ल और आरएसएस

# 'रो-को' का जवाब नहीं

**संपादकीय**

दुनिया में असंख्य समस्याएं, टकराव, तनाव, विध्वंस और फिर भी युद्ध की विभीषिकाएं हैं। उनका कब तक, क्यों, कहां तक और कैसे विश्लेषण करें। एक पल, एक दिन सुखद, गौरव, गर्व महसूस करने का मिल जाए, तो उसे 'एक अभिनव दीपावली' मान-समझ कर जी लेना चाहिए। दीपावली गुजरने के बाद हमने भी आज उन लम्हों को चुना है, जो हमारे 'राष्ट्रीय गौरव' हैं, जिनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली (संक्षेप में रो-को) सरीखे वैश्विक किरदार हैं। उनका आकलन एक-दो 'शून्य' से नहीं किया जा सकता। महानतम ब्रेडमैन, गैरी सोबर्स से लेकर ब्रायन लारा तक, ऑस्ट्रेलिया में ही महानतम रिकी पोंटिंग से स्टीव स्मिथ तक, भारत में पॉली उमरीगर, विजय मर्चेंट से लेकर सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ तक और अब 'रो-को' तक कौनसा ऐसा बल्लेबाज है, जो कभी 'शून्य' पर आउट नहीं हुआ। यह अपवाद नहीं, विज्ञान या प्रौद्योगिकी नहीं कि मशीन एक जैसा ही काम करेगी। मशीन और कम्प्यूटर भी खराब हो जाते हैं, तो क्या आप उन्हें कोस सकते हो? कदापि नहीं, क्योंकि वे जीवंत, इनसानी प्राणी नहीं हैं। क्रिकेट या कोई अन्य खेल, अंततः खेल ही होता है। कुछ क्षण, दिन, मूड खिलाड़ी के अनुकूल नहीं होते, तो वह नाकाम रहता है। मैच हार जाता है। वह स्थिति या खिलाड़ी का फॉर्म 'अस्थायी' होता है। दरअसल व्याख्या और विश्लेषण खिलाड़ी की 'क्लास', हुनर और विख्यात कीर्तिमानों की होनी चाहिए। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की उम्र 38 साल 180 दिन की है, लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की जमीं, पिच पर, उन्हीं की विश्व विजेता टीम के सामने, नाबाद 121 रन (125 गेंद) ठोंक दिए। इस पारी में 13 चौके और 3 छक्के थे। रोहित का ऑस्ट्रेलिया में यह 9वां शतक था, जो महानतम सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड के बराबर है। रोहित एकदिनी क्रिकेट में 33 शतक, 59 अर्द्धशतक लगा चुके हैं, जबकि कुल अंतरराष्ट्रीय शतक 50 हो गए हैं। एकदिनी क्रिकेट में सर्वोच्च रन 264 भी रोहित के नाम दर्ज हैं। वह वैश्विक क्रिकेट के ऐसे इकलौते बल्लेबाज हैं, जिसके नाम एकदिनी क्रिकेट में ही 3 दोहरे शतक दर्ज हैं। यकीनन ये जादुई, शानदार और अतुलनीय आंकड़े हैं। रोहित शर्मा ने उम्र को व्यर्थ, महज एक आंकड़ा साबित कर दिया है। एकदिनी क्रिकेट में वह 11370 रन ठोंक चुके हैं। भारत में वह सचिन और विराट के बाद तीसरे स्थान पर हैं। विराट कोहली की उम्र भी 37 साल के आसपास है। विश्व कप, 2027 तक दोनों की उम्र 40 साल होगी। आलोचक और विरोधी भी उन्हें 'चुका हुआ बल्लेबाज' नहीं आंक सकते। विराट ने भी ऑस्ट्रेलिया की जमीं और पिच पर नाबाद 74 रन की पारी खेली है।

# मेरा गांव, मेरा देश

**डॉ. योगेन्द्र**

कहावत है -' खेती पांती, बिनती और घोड़े की तंग/ अपने हाथ संभालिए तब जीने का ढंग।' मैं अपने गांव में हूं, जहां पैदा हुआ और जहां पला। खेती मर रही है, लेकिन खेत की कीमत बढ़ रही है। पच्चीसों बीघे जमीन यों ही पड़े हैं। न धान है, न अन्य फसल। आसपास से जानकारी ली तो बताया गया कि कोई कैसे खेत करे न मजदूर मिलता है, न मोरी उखाड़ने वाला और धान तैयार हो भी जाय तो उसे काटने वाला तक नहीं है। जो भी मजदूर थे, वे पांच किलो अनाज और हजार रुपए में मस्त हैं। वे अब खेतों में काम नहीं करना चाहते। जिसका परिवार पूरी तरह से खेती में लगा है, वही लोग खेती कर पा रहे हैं। शेष का कोई ठिकाना नहीं है। गांव में कोई कच्ची गलियां नहीं हैं। सब गली सिमेंटेड है। बारिश होती है, पानी सब गांव से बाहर है। यहां तक कि पानी की भी किल्लत होने लगी है। रेल लाइन के किनारे बसे इस गांव के दक्षिण में पहाड़ है, उत्तर में चौर, पूरब में ताड़ की श्रृंखला और पश्चिम में रेलवे स्टेशन और खेत। मैं जिस धरती को छोड़कर गया था, वह धरती अब नहीं है। धरती का स्वभाव बदल गया है, तो लोग भी बदल गये हैं। ज्यादातर घरों में बंटवारे को लेकर झंझट है। स्वार्थ की प्रबलता सिर चढ़ कर बोल रही है।

गांव के बाहर के पीपल का पेड़ था, जो अब भी है। इतने वर्षों के झंझावात में वही निश्चल खड़ा है। गांव के पश्चिम में एक बरसाती नदी थी। उसके आस-पास खजूरबन्ना और ताड़ के पेड़ थे।उसके बड़े हिस्से को भर कर पक्की सड़क बना दी गई है। जहां भी टरूआ था यानी पानी के लिए निकास की जगह थी, उसे भी भर कर सड़क बनाई जा रही है। पानी कैसे निकलेगा या खेत तक पानी कैसे पहुंचेगा, इसकी जरा भी चिंता नहीं है। बरसात के दिनों में पहाड़ पर जो पानी बरसता था, वह बरसाती नदी से होकर गुजरता था। मैंने देखा नहीं, लोगों ने बताया कि पहाड़ के किनारे किनारे बांध जैसी चीज बनाई गई है जिसमें बरसात का पानी टिके और जंगली जानवरों को पानी पीने में असुविधा न हो। गांव की आबादी काफी बढ़ गई है और बहुत से नये घर बन गए हैं और बन रहे हैं। बाहर से गरीबी नहीं दिखती। मिट्टी के घर अब सपने बन गए हैं। जन्मभूमि है। मां- पिता के बिना घर घर नहीं लगता। ऊपर से बड़े भाई और भाभी का गुजर जाना। छठ पर्व है। दादी जब थी तो यह दुर्वह भार उनके कंधे पर था। उनके जाने के बाद भाभी ने जिम्मेदारी ली। उसके बाद छठ का सिरा छूट गया।झालरों से सजे कई घर शहर को भी मात देते हैं।गांव में दो बगीचे थे ।अब उनमें दो चार पेड़ बचे हैं।हां, अनेक नये पेड़ जरूर लगाये गये हैं।एक उजड़ा है तो दूसरा बसा भी है। लोगों से पूछा कि गांव में किस पार्टी का जोर है।उन्होंने कहा कि वैसे तो यहां सबको वोट मिलेगा। अभी महागठबंधन का जोर लगता है, मगर जो युवकों को खरीद लेगा, वोट उधर ज्यादा जायेगा। टिकट खरीदिए, फिर लोगों को खरीदिए। जनतंत्र के टेंटुए को धनतंत्र ने दबा दिया है। आसमान में उड़ते हेलिकॉप्टर लोगों के अंदर लालच तो पैदा करते ही हैं। गांव में एक बात देखी । जिसने पहचाना, उसने प्रणाम किया। भले मैं उनमें से कुछ को पहचाना, कुछ को नहीं। अलबत्ता, यह देख कर सुकून मिलता है कि घरों की छतों पर अनेक तरह की चिड़िया आती- जाती रहती हैं।

> **पूरे देश की निगाहें इस समय बिहार विधान सभा के होने जा रहे आम चुनावों पर लगी हुई हैं। इन चुनावों में जहां देश व राज्य के अनेक पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दल चुनाव मैदान में सत्ता अथवा विपक्ष के किसी न किसी गठबंधन के साथ मिलकर बिहार का भाग्य बदलने के नाम पर खुद अपना भाग्य आज़मा रहे हैं वहीं इस बार के चुनाव में पहली बार जन सुराज पार्टी नामक एक नया राजनैतिक दल भी बिहार की राजनीति में अपनी ज़ोरदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है।जन सुराज पार्टी जैसे किसी नवगठित दल द्वारा अपने पहले ही चुनाव में राज्य की सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। और इससे भी बड़ी बात यह है कि इस पार्टी के लगभग सभी उम्मीदवार शिक्षित,बुद्धिजीवी,पूर्व नौकर शाह,पूर्व आई ए एस,आई पी एस, वैज्ञानिक, गणितज्ञ तथा शिक्षाविद हैं जबकि चुनाव मैदान में कूदे अन्य पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों की शिक्षा,उनके आचरण, चरित्र व योग्यता के विषय में कुछ अधिक बताने की ज़ुरुरत ही नहीं।**

# जन सुराज : वैकल्पिक राजनीति का नया दर्शन?

**तनवीर जाफ़री**

बहरहाल इस नये नवेले राजनैतिक दल जन सुराज पार्टी के संस्थापक व अकेले रणनीतिकार व स्टार प्रचारक वही प्रशांत किशोर हैं जो नरेंद्र मोदी व भाजपा से लेकर देश के अधिकांश राजनैतिक दलों व नेताओं के लिये एक पेशेवर के रूप में चुनावी रणनीति तैयार करने के बारे में जाने जाते हैं। पूर्व में वे संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में आठ वर्षों तक कार्य कर चुके हैं। देश के विभिन्न राजनैतिक दलों को अपनी रणनीति का लोहा मनवाने के बाद मूल रूप से बिहार के ही रहने वाले प्रशांत किशोर ने अपनी योग्यता का प्रयोग सर्वप्रथम अपने ही राज्य के विकास के लिये करने का निर्णय लिया और 2022 में बिहार की जनता को जागरूक करने व उन्हें उनकी व पूरे राज्य की बदहाली के मूल कारणों से अवगत कराने के मक़सद से बिहार में जन सुराज अभियान चलने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद ही उन्होंने राज्य में लगभग 3,000 किलोमीटर की पदयात्रा भी की। इस पदयात्रा के दौरान उन्होंने राज्य की आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। इसी जन सुराज अभियान से ही उनके नये राजनैतिक दल का नाम जन सुराज पार्टी निकला।

बहरहाल देश के बड़े से बड़े राजनैतिक दिग्गजों के लिये रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर स्वयं अपने लिये कैसी सफल रणनीति बना रहे हैं उसी का परिणाम है कि उन्हें न केवल गोदी मीडिया भी पूरी तवज्जोह दे रहा है बल्कि वे सत्ता व विपक्षी महागठबंधन के दाग़दार नेताओं पूर्व की उनकी असफल नीतियों यहाँ तक कि राज्य की बदहाली तक के लिये इसी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन व महागठबंधन के दलों को ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं। राज्य के विकास के लिये प्रशांत किशोर मुफ़्त की रेवड़ियों या शराब बंदी जैसी नीतियों को नहीं बल्कि केवल शिक्षा को ही पहली ज़रुरत मान रहे हैं। राज्य की सभी 243 सीटों के लिये अपने पहले चुनाव में योग्य व शिक्षित प्रत्याशी उतारना बल्कि




कई सीटों पर तो अनेक योग्य उम्मीदवारों द्वारा चुनाव लड़ने के लिये एक साथ दावा पेश किया जाना भी प्रशांत किशोर की चुनावी रणनीति की बड़ी सफलता है।

वे सोशल मीडिया पर भी अन्य राजनैतिक दलों से अधिक छाये हुये हैं। उन्होंने विभिन्न टीवी चैनल्स व यू ट्यूबर्स को अब तक जितने साक्षात्कार दे डाले हैं उतने तो शायद सत्ता व विपक्ष के नेताओं ने भी अब तक नहीं दिये। वे अपने साक्षात्कार में अपने विरोधी दलों के अनेक नेताओं को बेनक़ाब कर उनकी आपराधिक व शैक्षिक पृष्ठभूमि को उजागर कर रहे हैं। प्रशांत किशोर बड़े ही स्पष्ट अंदाज़ में बिहार की बदहाली व पिछड़ेपन के लिये जहाँ पूर्व की सत्ता व नेताओं को ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं वहीँ राज्य के उन मतदाताओं को भी आइना दिखा रहे हैं जो मुफ़्त के राशन अथवा धर्म जाति के नाम पर वोट कर भ्र्ष्ट व अयोग्य उम्मीदवारों का चुनाव करती रही है।

राजनैतिक विश्लेषक हालांकि बिहार के चुनावी रण में जन सुराज पार्टी के उतरने को लेकर तरह तरह के क़यास लगा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि जन सुराज पार्टी भी असदुद्दीन ओवैसी की ए आई एम आई एम की ही तरह राज्य में वोट काटने वाली पार्टी साबित होगी और इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। जबकि कुछ का मानना है कि केवल एन डी ए ही नहीं बल्कि जन सुराज पार्टी विपक्षी महागठबंधन को भी नुक़सान पहुंचाएगी। उधर प्रशांत किशोर अपना सीधा मुक़ाबला सत्ता रूढ़ एन डी ए से ही बता रहे हैं परन्तु साथ ही उनका यह भी कहना है कि चुनाव परिणाम ही फ़ैसला करेंगे कि उनकी पार्टी अर्श पर होगी या फ़र्श पर। जबकि राजनैतिक विश्लेषकों का एक वर्ग ऐसा भी है जो जन सुराज पार्टी की तुलना आम आदमी पार्टी से करते हुये इसके वर्तमान तेवर के साथ ही संभावित भविष्य को भी देख रहा है।

जो भी हो मगर अपनी योग्यता का लोहा मनवाने के बाद अपने कुशल रणनीतिकार के पेशे को त्यागकर अपनी ही कमाई गयी पूँजी को दांव पर लगाकर बिहार व बिहार वासियों के भविष्य की चिंता में राज्य की गली गली में धूल मिट्टी व कीचड़ में घूमकर राज्य की ख़ुशहाली की बातें करना वह भी बिना किसी धर्म जाति व समुदाय की बात किये हुये तथा बिना मुफ़्त की रेवड़ी की लालच दिये, अपने आप में ही बड़ी बात है। वह भी उस बिहार राज्य में जोकि ग़रीबी के साथ साथ अपनी जातिवादी राजनीति के लिये भी प्रसिद्ध हो ? इसमें कोई शक नहीं कि देश को शिक्षित,ज्ञानवान,राष्ट्र हितकारी,धर्म व सम्प्रदाय व जाति से ऊपर उठकर सोचने वाले तथा स्वच्छ छवि रखने वाले नेताओं की ज़रुरत है। आज यदि कोई अनपढ़,अज्ञानी व साम्प्रदायिकतावादी व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री बन जाये कोई अपराधी व्यक्ति देश का गृह मंत्री या मुख्य मंत्री बन जाये अशिक्षित व्यक्ति शिक्षा मंत्री बन जाये कोई लुच्चा,लफ़ंगा,बलात्कारी,गैंगस्टर हमारा जनप्रतिनिधि बन जाये तो इससे बढ़कर शर्मिन्दिगी व वैश्विक स्तर पर बदनामी की बात हमारे देश के लिये और क्या हो सकती है ?

यदि भारतीय राजनीति का वातविक चेहरा इतना भयावह व दाग़दार न होता तो केंद्रीय विद्युत व ऊर्जा मंत्री आर के सिंह को पिछले दिनों अपनी ही पार्टी भाजपा के प्रत्याशी व बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व मोकामा से जेडीयू की ओर से एनडीए उम्मीदवार व बाहुबली नेता अनंत सिंह का नाम लेते हुये राज्य की जनता के नाम यह वीडिओ सन्देश जारी न करना पड़ता जिसमें उन्होंने दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए मतदाताओं से अपील की थी कि -अपराधी या भ्रष्टाचार के आरोपी सम्राट चौधरी व अनंत सिंह जैसे उम्मीदवारों को वोट न दें, भले ही वे किसी की जाति के हों। उन्होंने इसी सन्देश में यह सुझाव भी दिया कि यदि सभी उम्मीदवार ऐसे हैं, तो ह्ह्ह्ज्ञ दबाएं। आर.के. सिंह ने यहां तक कहा कि ऐसे उम्मीदवार को वोट देने का अर्थ है चुल्लू भर पानी में डूब मरना। इसीलिये रसातल में जा रही राजनीति के वर्तमान दौर में यह सोचना पड़ रहा है कि जन सुराज पार्टी क्या वैकल्पिक राजनीति का नया दर्शन साबित हो सकेगा?

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 कई मायनों में ऐतिहासिक है

> **देश के उत्तरभारत में बिहार का एक मुकाम है ।बिहार के चुनाव पर पूरे देश की नजर है ।इस परिणाम का असर भारतीय राजनीति पर पड़ेगा ।प्रदेश में भाजपा और नीतीश कुमार गठबंधन की सरकार पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में उतर चुकी है ।24 अक्टूबर को विधिवत मोदी के नेतृत्व में चुनाव प्रचार भी शुरु हो गया है ।पार्टी को भरोसा है कि इस चुनाव में वो फिर से सतारूढ़ सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाएंगे।**

**कांतिलाल मांडोत**

नीतीश कुमार के नेतृत्व में कोई चेहरा नही ठहरता है।बिहार देश की राजनीती की दिशा तय करेगा।बिहार को पहले लालू के कार्यकाल में पिछड़ा राज्य माना जाता था।लेकिन बीस साल से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार को विकास योजनाओं के साथ जोड़कर महिलाओ और युवाओ को नई दिशा दी है।लालू के कार्यकाल में सरकार की आलोचनाएं होती थी।लेकिन देश के सर्वाधिक सरलमना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षो के लगातार सत्ता में रहने से बिहार की दिशा और दशा दोनो बदल दी है।उन्होंने प्रदेश की छवि बदल दी है तो लोगो ने अपने दिलो में नीतीश की छवि अंकित कर दी है।आज देश मे ही नही,विदेश में ही उनकी छवि विकास पुरूष की बनी है।सत्तापक्ष की नही,आज तो विपक्ष भी नीतीश कुमार को लोकप्रिय और विकास् प्रिय बताता है।इसमें कोई संदेश नही है कि मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता और कार्य प्रतिबद्धता ने सूबे में विकास की छंटा चारो और बिखेर दी है।पिछले वर्षो में नीतीश कुमार ने अपने परिश्रम के साथ,प्रदेश की तस्वीर बदलने के लिए ऐसी अनेक परियोजनाओं को कार्यान्वित किया है कि जिनसे समाज के सभी वर्गो के लोग लाभान्वित हुए है।गरीब, किसान,नौजवान, महिलाएं,व्यापारी,अधिवक्ता, शिक्षक,अल्पसंख्यक और समाज के दलित-वंचित उपेक्षित वर्ग को उन्होंने सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया है।लाखो लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजनाओ के तहत नए घर आवंटित किए है।इन योजनाओं की सफलता के पीछे नीतीशकुमार कीसमयबद्ध ढंग से कार्य करने की इच्छाशक्ति रही है।ये सबका साथ,सबका विकास और सबका प्रयास की अवधारणा पर चलने वाले विकास पुरुष है।जिनकी इमेज विपक्ष में भी खासा महत्व रखती है।अज्ञातशत्रु ऐसे महान दार्शनिक नीतीश कुमार ने बिहार की जनता को साथ लेकर चलने और गरीब लोगों के उत्थान के लिए समय समय पर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हमेशा पर्यटनशील रहते है।दया और परोपकार जिनका मिशन है,वे राजनीति से बढ़कर मानवतावाद को महत्व देते है।नीतीश कुमार की एक विशेषता है कि प्राथमिकताएं तय कर,वह सुनियोजित ढंग से योजनाओं को समयबद्ध चरणों मे पूरा करते है।उनकी साफ छवि बार बार जीत का कारण है।वे गांव और शहर के संतुलित विकास के पक्षधर है।नीतीश कुमार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं महिलाओ के लिए लॉन्च की गई है।युवाओ का नवतर प्रयोग के माध्यम से आय के स्त्रोत खड़े करने में नीतीश की दूरदर्शिता महत्वपूर्ण है।नीतीश ने अपने शासनकाल में अपवाद को छोड़कर कानून व्यवस्था को सर्वाधिक महत्व दिया है।बिहार का परिणाम सुखद रहा है।

नीतीश ने बिहार को किसान हितैषी बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए है।वैसे भी एनडीए का मिशन है कि किसान और स्वदेशी के इस महान मुहिम के पीछे सरकार हर समय अलर्ट मोड़ में नजर आएगी।स्वदेशी पर जोर देकर देश के युवकों को रोजगार से ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का महत्वपूर्ण संकल्प सरकार की पहली प्राथमिकता रही है और राज्य सरकार के हाथ मजबूत करने के लिए केंद्र भी मदद कर रही है।गन्ना किसान हो या रबी की फसलों पर सरकार फायदा पहुंचाने का हर समय प्रयास कर रही है।लाभकारी समर्थन मूल्यो की उपलब्धता से किसानों की आय के स्त्रोत बढ़े है।किसान अन्नदाता है।किसान की अवहेलना कर कोई भी सरकार सफल नही हो सकती है।जिस तरह पूर्ववर्ती सरकारों को अनदेखा कर राजनैतिक दलों की दुर्दशा हुई है उसकी भरपाई आज दिन तक नही हो सकती है।उनकी क्षतिपूर्ति करना मासी का घर नही है।नीतीश कुमार ने किसानों के लिए महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम दिया है।

बिहार में अभी हाल ही में महिलाओ के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना और मुख्यमंत्री महिला उधमी योजना के अंतर्गत दस हजार की रकम सीधे 75 लाख महिलाओ के खातों में हस्तांतरित किया गया।महिला उधमी योजना के तहत दस लाख रूपए की वितीय सहायता प्रदान की जाती है इसमें 50 प्रतिशत अनुदान और 50 प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण शामिल है।मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना,बिहारराशन कार्ड योजना और किसान निधि योजनाओ का लाभ धारक उठा रहे है।बिहार में धन धान्य कृषि योजना और दलहन कृषि योजना मुख्यरूप से किसानों के लिए है।आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान चलाया जा रहा है।बिहार में सुकन्या समृद्धि योजना में डेढ़ लाख रुपए की वार्षिक योगदान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना कोविड-19 महामारी के दौरान गरीबों और जरूरतमंदों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी। अटल पेंशन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों सहित सभी नागरिकों के लिए एक सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली प्रदान करती है। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम यह ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित एक कार्यक्रम है। विधवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना के तहत भिक्षावृत्ति को रोकने के उद्देश्य से शुरू की गई है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाऔर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ये वित्त मंत्रालय द्वारा संचालित बीमा योजनाएं हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए आवास की सुविधा प्रदान करती है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन शहरी गरीबों की गरीबी और असुरक्षा को कम करने के लिए शुरू की गई है।

वृद्धावस्था के लिए एकीकृत कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों को भोजन, आश्रय, चिकित्सा देखभाल जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करता है। इन योजनाओं का लाभ बिहार सरकार दे रही है।इतना ही नही युवकों के लिए योजना का द्वार खुला हुआ है ।20 से 25 वर्ष की आयु के बेरोजगार युवाओ के लिए योजना उपलबन्ध है।मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ युवाओं के लिए खास है इसका लाभ अर्जित कर सकते है। बिहार में हर वर्ग के लिए रोजगार के नए आयाम पेश कर नीतीश कुमार ने बिहार के लिए समृद्धि के द्वार खोल दिये है।साम्प्रदायिक शक्तियों को सत्ता में आने से रोकने के लिए जनता को चुनाव में अपनी जवाबदेही निश्चित करनी है।बिहार में मोदी की सभा मे हुजूम उमड़ता देख विपक्ष भौचक्का रह गया।नए बिहार की यह भौर के सुनहरे सपने को सफल करने का प्रयास हो रहा है। बिहार में नीतीश कुमार के शासनकाल मे भागीदारी का स्पष्ट संदेश है कि उनका समर्थन साम्प्रदायिकता के विरुद्ध और बदलते भारत मे बीच बिहार की अपनी भूमिका को उजागर करना है।नीतीश कुमार का पिछले 20 वर्षो के शासन कालमें तेजी से सूबे की तस्वीर बदली है।अपार जनसमर्थन के बाद यह बयार पूरे प्रदेश में फैल रही है जो नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनाने में निर्णायक होगी।

# कांकेर में 21 नक्सलियों ने 18 ऑटोमैटिक हथियार के साथ किया आत्मसमर्पण



**कांकेर, एजेंसी।** जिले में नक्सली संगठन के डीव्हीसीएम सेक्रेटरी मुकेश सहित 21 नक्सलियों में 8 पुरुष और 13 महिला नक्सली ने हिंसा का रास्ता छोड़कर रविवार को जंगल से निकलकर सभी आत्मसमर्पण करने के लिए हथियार के साथ कांकेर पहुंचे, इन 21 कैडरों में 4 डीव्हीसीएम, 9 एसीएम और 8 पार्टी सदस्य कैडर के नक्सली शामिल हैं। ये सभी नॉर्थ सब जोनल ब्यूरो अंतर्गत केशकाल डिवीजन, कुएमारी, किसकोडो एरिया कमेटी में सक्रिय थे। ये 21 नक्सली अपने साथ 3 एके-47, 4 एसएलआर, 2 इंसास, 6 नग 303, 2 नग सिंगल शॉट और 1 बीजीएल लॉन्चर जैसे कुल 18 ऑटोमैटिक हथियार भी साथ लाए हैं। पूना मार्गम ⁼ पुनर्वास के माध्यम से पुनर्जीवन÷ पहल के तहत एक और निर्णायक और महत्वपूर्ण कार्य आज, 26 अक्टूबर को बस्तर रेंज के कांकेर ज़िले में 21 नक्सलियों के आत्मसमर्पण के साथ संपन्न हुआ है। इन 21 नक्सली कैडरों के समाज में पुनर्वास और पुनर्समावेशन के लिए आवश्यक विधिक प्रक्रिया जारी है, सभी नक्सलियों के नाम एवं ईनामी राशि का विवरण उपयुक्त समय पर साझा किए जाने की बात कही गई है।

उल्लेखनीय है कि 7 अक्टूबर को नक्सलियों के माड़ डिवीजन की तरफ से एक पर्चा जारी हुआ था, जिसमें कहा गया था, कि 15 अक्टूबर को नक्सली हथियार डालेंगे, वहीं 17 अक्टूबर को आधिकारिक रूप से सीसीएम रूपेश सहित कुल 210 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़े और जगदलपुर में डीजीपी, एडीजीपी, बस्तर आईजी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिए थे। जिसके बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस ली थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि केशकाल इलाके के कुछ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण नहीं किया है। लेकिन जल्द ही वे भी आत्मसमर्पण कर लेंगे।

आज इन 21 नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने के बाद माड़ डिवीजन, इंद्रावती एरिया कमेटी, उत्तर बस्तर डिवीजन लगभग पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो गया है। विदित हो कि पिछले 10 दिन में बस्तर में ही 231 नक्सलियों ने हथियार के साथ हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है। जबकि, पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सली लीडर भूपति समेत 61 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा और हथियार डाल दिए। इस तरह पिछले 15 दिनों के अंदर इन दोनों जगहों पर कुल 292 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पूना मारगेम से न केवल जनविरोधी माओवादी विचारधारा का खात्मा हो रहा है बल्कि बस्तर में हो शांति की स्थापना हो रही है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज कांकेर जिले में पूना मारगेम – पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल के तहत 21 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया है। यह हमारी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति – 2025 और नियद नेल्ला नार योजना की सफलता का सार्थक प्रमाण है, जिससे नक्सल प्रभावित इलाकों में विश्वास और बदलाव की नई बयार बह रही है।

माओवाद की झूठी विचारधारा से भटके युवा भी अब यह समझने लगे हैं कि बंदूक नहीं, विकास की राह ही भविष्य का सही विकल्प है। हमारी सरकार इन आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास और पुनरुत्थान के लिए पूर्णत⁼ प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर के लोगों का विश्वास जीता है, उसी का परिणाम है कि लगातार माओवादी संगठन कमजोर हो रहे हैं और बड़ी संख्या में वे हिंसा का रास्ता छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर अंचल में नक्सलवाद की कमर टूट चुकी है और बस्तर तेजी से शांति और विकास की ओर बढ़ रहा है।

हमारी डबल इंजन की सरकार

## 180 उपद्रवी गिरफ्तार, गली-मोहल्लों में फैला रहे थे अशांति




**भिलाई, एजेंसी ।** दुर्ग पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में पुलिस ने 38 आरोपियों को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया है। वहीं 104 मामलों में 142 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया है। कुल मिलाकर 180 आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। पुलिस ने ऐसे लोगों को निशाने पर लिया, जो खुलेआम धारदार हथियार लेकर लोगों को धमका रहे थे। सिर्फ एक हफ्ते में थाना सुपेला से 13, पद्मनाभपुर से 4, दुर्ग, मोहन नगर, वैशाली नगर और खुर्सीपार से 3-3, भिलाई नगर और छावनी से 2-2, तथा जामुल, अंडा, रानीतराई, अमलेश्वर और नंदिनी नगर से 1-1 आरोपी गिरफ्तार किए गए। सभी आरोपियों से धारदार हथियार जब्त कर धारा 27(1) आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया और जेल भेजा गया। हथियारबंद गुंडों के साथ-साथ पुलिस ने उन तत्वों पर भी शिकंजा कसा जो अशांति फैलाने, विवाद भड़काने या अपराध की साजिश में शामिल थे। बीते सप्ताह में 104 मामलों में 142 आरोपियों को धारा 170 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इनमें थाना दुर्ग, पद्मनाभपुर, छावनी से 4-4, मोहन नगर से 5, पुलगांव से 27, जेवरा सिरसा से 3, अंजोरा से 12, नगपुरा से 6, भिलाई नगर से 9, नेवई से 12, सुपेला से 6, स्मृतिनगर से 3, वैशाली नगर से 5, खुर्सीपार से 3, जामुल से 2, पुरानी भिलाई से 1, कुम्हारी से 2, अंडा से 1, नंदिनी नगर से 7, रानीतराई से 2, अमलेश्वर से 3, उतई से 16 और बोरी से 5 आरोपी शामिल हैं।

## बालको रेलवे लाइन पर मालगाड़ी पर पथराव, लोको पायलट घायल



**कोरबा, एजेंसी।** रविवार देर रात बालको रेलवे लाइन पर एक बड़ी घटना सामने आई, जब अज्ञात असामाजिक तत्वों ने एक मालगाड़ी के इंजन पर पथराव कर दिया। यह वारदात डेंगूरनाला पुल और सीएसईबी चौक के बीच उस समय हुई, जब मालगाड़ी बालको प्लांट से लोडिंग पूरी कर स्टेशन की ओर लौट रही थी।

**इंजन का शीशा टूटा, लोको पायलट घायल:** पथराव के दौरान इंजन की खिड़की का शीशा टूट गया, और टूटे कांच का टुकड़ा सीधे लोको पायलट ओपी आदिले के सिर पर जा लगा। इससे उन्हें गंभीर चोट आई। उस वक्त इंजन में असिस्टेंट लोको पायलट सुनील कुमार भी मौजूद थे। घटना के बाद दोनों ने किसी तरह ट्रेन को नियंत्रित करते हुए स्टेशन तक पहुंचाया और स्टेशन मास्टर को पूरी जानकारी लिखित में दी।

**पुलिस में मामला दर्ज, जांच जारी:** प्रारंभ में घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी, लेकिन मामले के सामने आने के बाद रेलवे के साइड इंचार्ज ने बालको थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात व्यक्तियों की तलाश शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, यह कृत्य स्थानीय असामाजिक तत्वों या नशे में धुत युवकों द्वारा किया गया हो सकता है। रेलवे प्रशासन ने आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा गश्त बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

## नवरात्रि पर्व में सहयोग करने वाले 61 स्काउट्स, गाइड्स और एनसीसी कैडेट्स को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



**कोरबा/जांजगीर-चांप, एजेंसी।** नवरात्रि पर्व के दौरान उत्कृष्ट सहयोग और अनुशासन का परिचय देने वाले 61 स्काउट्स, गाइड्स, एनसीसी कैडेट्स, रोवर्स और रेंजर्स को आज सोमवार को जांजगीर-चांपा पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

यह सम्मान समारोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक पांडेय ने स्वयं सभी छात्र-छात्राओं से परिचय लिया और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने युवाओं को आगे भी इसी तरह समाज सेवा और अनुशासन के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। पांडेय ने छात्रों को अच्छे से अध्ययन करने की सलाह देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि बीते नवरात्रि पर्व के दौरान नैला अग्रसेन भवन के सामने माँ दुर्गा जी की प्रतिमा व पंडाल दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते थे। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। इस दौरान स्काउट्स, गाइड्स और एनसीसी कैडेट्स ने पुलिस के साथ मिलकर पंडाल और यातायात पार्किंग व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

उनके इस सराहनीय सहयोग से पर्व के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनी रही, जिससे श्रद्धालुओं को निर्बाध दर्शन का अवसर मिला। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के जिला सचिव दीपक कुमार यादव, एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर दिनेश चतुर्वेदी, डीटीसी स्काउट पूरन लाल पटेल और डीओसी गाइड श्वेता जायसवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल रमेन डेका ने भिलाई स्कंदाश्रम में की पूजा अर्चना



**दुर्ग, एजेंसी।** राज्यपाल रमेन डेका ने भिलाई के हुडको स्थित स्कंदाश्रम में विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। तीन दिवसीय चलने वाले इस 28वीं स्कंद षष्ठी महोत्सव के महायज्ञ में राज्यपाल डेका धर्मपत्नी रानी डेका के साथ सम्मिलित हुए तथा संकल्प लेकर देवी सप्तसती का पहला अध्याय पूर्ण किया। यह महायज्ञ हर वर्ष दिवाली के बाद स्कंद षष्ठी तिथि को दक्षिण भारतीय वेदाचार्यों द्वारा विधिवत सम्पन्न कराया जाता है। कार्यक्रम में संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम हितेश पिस्दा सहित बड़ी संख्या में स्कंदाश्रम के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दंतेवाड़ा में CRPF जवान ने लगाई फांसी, जांच में जुटे अधिकारी

**दंतेवाड़ा, एजेंसी।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र में एक CRPF जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या की खबर मिलते ही CRPF के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। जवान के शव को फांसी के फंदे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं जवान ने आत्महत्या क्यों की है इस बात की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार 231 बटालियन जावंगा में तैनात जसवीर सिंह नामक CRPF जवान ने आत्महत्या कर ली है। जवान का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। जवान की आत्महत्या की खबर मिलते ही CRPF के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

जवान के शव को फांसी के फंदे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## एग्रीस्टैक पोर्टल में शेष किसानों के पंजीयन हेतु जिले के समितियों में शिविर जारी



**बालोद, एजेंसी।** बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए किसानों का पंजीयन का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी सहकारी समितियों में शिविर का आयोजन कर शेष सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिविर में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के ऐसे किसान जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत है किंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए है, समिति स्तरीय शिविरो में ऐसे सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जा रहा है। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत है किंतु उनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है शिविरों में ऐसे सभी कृषकों की जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में अद्यतन भी किया जा रहा है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में राजस्व, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है। जिससे कि जिले के सभी कृषकों को वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही जिले का कोई भी पात्र कृषक धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने से वंचित न रहे। इसके अंतर्गत आज 26 अक्टूबर को जिले के सहकारी समिति सिकोसा, बेलौदी और भाठागांव बी सहित अन्य सहकारी समितियों में राजस्व एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों का कराए जा रहे पंजीयन के कार्य का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु किसान संबंधित सहकारी समितियों के अलावा ग्राहक सेवा केन्द्रों में पहुँचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान जिनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है वे सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर अपना व्यक्तिगत जानकारी अद्यतन करा सकते हैं।

## कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

### राज्योत्सव आयोजन के संबंध में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**राजनांदगांव, एजेंसी।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज स्टेट हाई स्कूल मैदान में राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने शासकीय योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टाल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के संबंध में अच्छी प्रदर्शनी लगाने कहा। उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, एन्ट्री गेट एवं अन्य तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने राज्योत्सव आयोजन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्योत्सव : 2 नवंबर को लोक गायिका आरू साहू के सुमधुर गीतों से सजेगी महफिल

**राजनांदगांव, एजेंसी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्योत्सव 2025 के अवसर पर 2 नवम्बर को जिला मुख्यालय राजनांदगांव के महंत राजा बलराम दास शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्टेट हाई स्कूल) राजनांदगांव में शाम 6 बजे से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

*सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर गरियाबंद में तैयारियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण*

## 7 नवम्बर को नागाबुड़ा से गरियाबंद तक निकलेगी एकता पदयात्रा



**गरियाबंद, एजेंसी।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती 31 अक्टूबर के अवसर पर आयोजित होने वाले विविध गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए कलेक्टर बी एस उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर ने नागाबुड़ा, कोकड़ी सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि 7 नवम्बर को पदयात्रा सुबह 9 बजे नागाबुड़ा से प्रारम्भ होकर जिला मुख्यालय गरियाबंद तक लगभग 9 किलोमीटर चलेगा। पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों में जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, संस्थानों में स्वदेशी मेलों का आयोजन एवं गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाए जाएंगे। इस दौरान योग एवं हेल्थ शिविरों के साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन किया जाएगा। सरदार पटेल के उद्धरण और राष्ट्रीय एकता दिवस पदयात्रा से संबंधित संदेशों वाले साइन बोर्ड लगाये जायंगे। यात्रा पथ पर सार्वजनिक सुविधा स्थल बनवाएँ जिसमें पानी, शौचालय, हल्का भोजन आदि मूलभूत सुविधाएं शामिल किया जाएगा। यात्रा के दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। यह पदयात्रा नहरगांव, कोकड़ी होते हुए गरियाबंद में वृहद कार्यक्रम कर समापन किया जायेगा। कलेक्टर ने गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों एवं मीडियाकर्मियों को शामिल होने का आग्रह किया है।

## मजदूरी से मशरूम तक — अब सीएससी संचालक लखपति दीदी बनीं सारंगपुरी की मधु कंवर

**धमतरी, एजेंसी।** कभी दूसरों के खेतों में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती रही सारंगपुरी पंचायत की मधु कंवर आज अपनी मेहनत और योजनाओं के सही इस्तेमाल से लखपति दीदी के नाम से जानी जाती हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनमें जुड़ने के बाद मधु की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय बदलाव आया है।

डिजिटल इंडिया के तहत मधु ने अपने गांव में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) खोला है, जहाँ ग्रामीणों को आय प्रमाण पत्र, जाति व निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, बिजली बिल भुगतान, आधार सेवाएँ, श्रम कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसी ई-गवर्नेंस सेवाएँ सुलभ दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीएससी संचालन से उन्हें मासिक 10-12 हजार रुपये की स्थायी आमदनी हो रही है और आसपास के कई गांवों के लोग अब सरकारी सेवाएँ गाँव में ही पाते हैं। मधु बताती हैं कि पहले परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि बच्चों की पढ़ाई भी मुश्किल हो जाती थी। जय माँ कर्मा महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने धान खरीदी-बिक्री, मशरूम उत्पादन और अन्य छोटे स्वरोजगार अपनाए। समूह के सहयोग से लिया गया व्यवसायिक ऋण लेकर मधु ने घर से ही सीएससी शुरु किया, जो अब उनकी पहचान बन चुका है। मधु और उनके समूह की महिलाएँ मोमबत्ती निर्माण, केक बेकिंग, मछली पालन, मशरूम उत्पादन और बैंक सखी जैसे कार्यों से जुड़ी हैं, जिससे न केवल आय बढ़ी है बल्कि आत्मनिर्भरता की भावना भी मजबूत हुई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चलाई जा रही योजनाएँ ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने में मदद कर रही हैं और मधु कंवर जैसी महिलाएँ इसका जीवंत उदाहरण बनकर उभरी हैं।

# एसटीआर की डॉग टीना नहीं रही, जबलपुर में निधन

## टाइगर की गर्दन काटकर ले जाने वाले शिकारियों को ढूंढा था; 60 केस सुलझाए थे



**नर्मदापुरम, एजेंसी।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की एकमात्र डॉग टीना अब जंगल में नजर नहीं आएगी। रविवार को डॉग टीना ने जबलपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। 17 अक्टूबर से टीना बुखार और हीमोग्लोबिन की कमी से जूझ रही थी। उसे उपचार के लिए इटारसी के अलावा नर्मदापुरम, भोपाल और जबलपुर ले जाया गया। लेकिन वह रिकवर नहीं हुई।

डॉग टीना के निधन से एसटीआर के अधिकारी और डॉग हैंडलर दुखी है। जून 2023 में चूरना में बाघ का शिकार कर गर्दन काटकर ले जाने वाले केस को सुलझाने में टीना की अहम भूमिका रही थी। टीना सूंघते हुए शिकारी के घर पहुंच गई थी। डेढ़ महीने पहले 10 सितंबर को ही डॉग का जन्मदिन मनाया गया था। टीना ने वन्य प्राणियों के शिकार के 60 केस में 47 शिकारियों को पकड़ने में मदद की थी। सोमवार को जबलपुर में डॉग टीना का पोस्टमार्टम के बाद सम्मान के साथ जलाया जाएगा।

**2017 में हुआ जन्म, अगले साल था रिटायरमेंट:** डॉग टीना का जन्म 10 सितंबर 2017 को हुआ था। 1 अप्रैल 2018 से दिसंबर 2018 तक, उसे 9 महीने का प्रशिक्षण राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर, ग्वालियर में दिया गया। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से हैंडलर अनूलाल भोवसरे (स्थाई कर्मी) और सुरक्षा श्रमिक राज नारायण भल्लवी को ट्रेनिंग के लिए भेजा गया था। टीना को बाघ, तेंदुआ और अन्य वन्य प्राणियों के अवशेषों से ट्रेनिंग दी गई।

सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के बाद, टीना को हैंडलर सहित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम मटकुली मुख्यालय पर रखा गया। 2 जनवरी 2019 को, वरिष्ठ कार्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, उसे क्षेत्रीय टाइगर स्ट्राइक फोर्स नर्मदापुरम में वन्य प्राणी सुरक्षा के लिए स्थानांतरित किया गया, जहाँ पदम सिंह राजपूत और सेवाराम उईके को डॉग हैंडलर बनाया गया।

21 अक्टूबर 2020 को वह स्ट्राइक फोर्स नर्मदापुरम में पदस्थापित रही और उसी दिन, वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार, उसे दोबारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम में भेजा गया। 10 सितंबर 2025 को डॉग हैंडलर पदम सिंह राजपूत और सेवाराम उईके ने उसका जन्मदिन मनाया। अगले वर्ष टीना का रिटायरमेंट है।

**संभाग की जंगल की एकमात्र डॉग थी टीना:** डॉग टीना सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम में पदस्थ थी। संभाग में नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल के फॉरेस्ट विभाग की एकमात्र डॉग थी। संभाग के अलावा अन्य मंडलों में डॉग टीना के द्वारा वन्य प्राणी के शिकार और आरोपियों को पकड़ने में उपलब्धि पाई गई। डॉग टीना के द्वारा 2019 से 2025 तक 60 के 47 आरोपियों को को सफलतापूर्वक जेल भेजने में मदद की।

**हीमोग्लोबिन की कमी और बुखार तेज था:** एसटीआर बोरी सहायक संचालक, डॉग स्कॉड प्रभारी विनोद वर्मा ने बताया 17 अक्टूबर 2025 को डॉग टीना का स्वास्थ्य बिगड़ा। इलाज के लिए इटारसी, नर्मदापुरम भोपाल एवं जबलपुर में दिखाया गया। हीमोग्लोबिन 7 पॉइंट और बुखार उसका तेज था। 26 अक्टूबर को सुबह में जबलपुर में डॉग टीना ने अंतिम सांस ली गई। 27 अक्टूबर सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका संस्कार स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर डॉग स्काड प्रांगण में किया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में उसे सहसम्मान जलाया जाएगा।

# रतलाम कृषि उपज मंडी में हुए शुभ मुहूर्त के सौदे

## 10 दिन बाद खुली मंडी, लहसुन 25555 रु. और प्याज 15001 रु. क्विंटल बिका



**रतलाम, एजेंसी।** दीपावली की 10 दिन की छुट्टियों के बाद सोमवार को कृषि उपज मंडी परिसर स्थित प्याज व लहसुन मंडी खुल गई। मंडी खुलते ही व्यापारियों ने पूजा-पाठ कर शुभ मुहूर्त के सौदे किए। इस दौरान लहसुन 25,555 रुपए प्रति क्विंटल और प्याज 15,001 रुपए प्रति क्विंटल के उच्चतम भाव पर बिका। मंडी खुलने की खबर मिलते ही रविवार रात से ही किसान अपनी उपज लेकर पहुंचने लगे थे।

प्याजः गांव जड़वासा के किसान कुंदन पिता दिनेश की प्याज की पहली बोली लगी। उनकी उपज नारायण स्वामी ट्रेडिंग फर्म ने अधिकतम 15,001 रुपए प्रति क्विंटल की बोली लगाकर खरीदी।

लहसुनः मांगरोल के किसान मुन्नालाल पिता शंकरलाल की लहसुन की पहली बोली लगी। उनकी उपज को सांवरिया ट्रेडिंग ने 25,555 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदा। मंडी अधिकारियों व व्यापारियों ने शुभ मुहूर्त में प्याज-लहसुन लेकर आए किसान व खरीदी करने वाले व्यापारियों का सम्मान भी किया। सोमवार सुबह प्याज-लहसुन मंडी खुलते ही किसान बड़ी संख्या में अपनी उपज लेकर पहुंचे।

## पैरोल पर छूटा हत्या का कैदी फरार

# सागर सेंट्रल जेल से मिली थी 15 दिन की छुट्टी



**सागर, एजेंसी।** सागर के केंद्रीय जेल से पैरोल पर छूटा एक कैदी फरार हो गया है। हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा बंदी बल्देव लोधी 15 दिन की पैरोल खत्म होने के बाद वापस जेल नहीं लौटा। जेल प्रबंधन की शिकायत पर गोपालगंज पुलिस ने फरार बंदी और उसके जमानतदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम बंदी की तलाश में दमोह भेजी गई है।

**हत्या के मामले में काट रहा था उम्रकैदः** पुलिस के अनुसार, जेल प्रहरी धर्मेंद्र सिंह ने थाने में शिकायत दी है। शिकायत में बताया गया कि बंदी बल्देव उर्फ बड़े पिता धूप सिंह लोधी (उम्र 43 साल), निवासी हिनौता ठेगा (दमोह) को हत्या के मामले में अदालत ने 2 अगस्त 2022 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सजा के बाद से बंदी सागर सेंट्रल जेल में बंद था।

**9 से 24 अक्टूबर तक की मिली थी पैरोलः** शिकायत के मुताबिक, बंदी बल्देव लोधी को 9 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक की पैरोल पर रिहा किया गया था। उसे 24 अक्टूबर की रात तक वापस जेल में दाखिल होना था, लेकिन वह तय समय पर वापस नहीं आया और फरार हो गया है।

**बंदी और जमानतदार पर केस दर्ज, तलाश जारीः** इस मामले में बंदी के जमानतदार नवल लोधी (निवासी बिलाई) ने 50 हजार रुपए की जमानत प्रस्तुत की थी। जेल प्रबंधन की शिकायत पर गोपालगंज पुलिस ने फरार बंदी बल्देव लोधी और जमानतदार नवल लोधी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बंदी की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम दमोह जिले में बंदी की तलाश कर रही है।

# छतरपुर में बाबा रामपाल का सत्संग विवादित रूप से रद्द

## बजरंग दल ने बिना अनुमति कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण का आरोप लगाया



**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर के नौगांव नगर में रविवार को बाबा रामपाल के अनुयायियों द्वारा बिना प्रशासनिक अनुमति के सत्संग का आयोजन किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने हस्तक्षेप कर कार्यक्रम को तत्काल बंद करवा दिया।

यह आयोजन नौगांव की लैया संस्कार वाटिका में हो रहा था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सत्संग की आड़ में ग्रामीणों को भगवान और परंपरागत आस्था के प्रति भड़काऊ भाषण दिए जा रहे थे। मौके पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं और आयोजकों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।

**आरोप- धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जा रहा था:** बजरंग दल के धर्मेंद्र सिंह परमार ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि संत रामपाल बाबा के नाम पर लोगों को इकट्ठा कर हिंदुओं को भड़काया जा रहा था और धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जा रहा था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आयोजकों ने भगवान राम के अस्तित्व को नकारा और गाली-गलौज की। बजरंग दल ने इन लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

बजरंग दल के दीपू चौबे ने कहा कि यह लोग बिना प्रशासन को सूचना दिए इकट्ठे हुए थे और धार्मिक भावनाओं के खिलाफ भाषण दे रहे थे। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कोई दुर्घटना होती तो इसका जिम्मेदार कौन होता, इसलिए इन पर मामला दर्ज होना चाहिए।

**पुलिस कुछ लोगों को थाने ले आई:** वहीं, बाबा संत रामपाल के शिष्य लोकेश आनंद ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 350 लोग मौजूद थे। उनके अनुसार, कुछ लोग आए और उन्होंने विवाद शुरू कर दिया। लोकेश आनंद ने यह भी बताया कि वे लोग जूते-चप्पल पहनकर सत्संग स्थल में आए थे और उन्हें गुटखा खाकर न आने को कहा गया था।

# 35 माह से फरार जगन्नाथ मंदिर का मुख्य पुजारी ग्वालियर से गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** सुरवाया थाना पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी लगभग तीन साल (35 माह) से फरार 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी मुख्य पुजारी के सेवक बृजेश बोहरे को पुलिस ने ग्वालियर के गोला का मंदिर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर मंदिर के महंत के 7.40 लाख रुपए नकद, दो सोने की अंगूठी और एक चांदी का गिलास लेकर भागने का आरोप था।

**यह है मामलाः** सुरवाया गढ़ी के सामने स्थित जगन्नाथ मंदिर के पुजारी महंत जय विजय भारती ने 4 जनवरी 2023 को सुरवाया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि वह 20 नवंबर 2023 को अपने गुरु से मिलने मुंबई गए थे। जाते समय उन्होंने अपने सेवक बृजेश बोहरे को सुरक्षा की दृष्टि से 7.40 लाख रुपए,दो सोने की अंगूठी और एक चांदी का गिलास रखने के लिए दिया था। जब वे 25 दिसंबर 2023 को वापस लौटे, तो बृजेश बोहरे गायब मिला। इस मामले में पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया था। काफी तलाश के बाद भी जब आरोपी का पता नहीं चला, तो पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

**थाना प्रभारी अरविंद छारी की रणनीति लाई रंगः** सुरवाया थाना प्रभारी अरविंद छारी के निर्देश पर, आरोपी बृजेश बोहरे को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार निगरानी और रणनीति के तहत कार्रवाई करते हुए 25 अक्टूबर 2025 को ग्वालियर से आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बृजेश बोहरे (उम्र 48 साल, पुत्र धनीराम बोहरे, निवासी ग्राम रिझौरा थाना चीनोर, जिला ग्वालियर) के रूप में हुई है।

## ओंकार पर्वत पर 5 तेंदुओं का झुंडःदर्जनों कुत्तों-बकरियों का किया शिकार, अब गोशाला के पास मंडरा रहे

**खंडवा,एजेंसी।** ओंकारेश्वर में ओंकार पर्वत पर तेंदुओं का मूवमेंट देखा गया है, जिससे रहवासियों में दहशत का माहौल है। यहां करीब 5 तेंदुओं का झुंड घूम रहा है, जो अब तक दर्जनों कुत्तों और बकरियों को अपना शिकार बना चुका है। अब ये तेंदुए शिकार के लिए परिक्रमा मार्ग स्थित एक गोशाला के पास मंडरा रहे हैं। रात के अंधेरे में 5 तेंदुओं को एक साथ देखा गया है। वन विभाग का कहना है कि नर्मदा में जलस्तर कम होने के बाद अब पिंजरा लगाकर रेस्क्यू किया जाएगा। ओंकार पर्वत पर रहवासियों के मुताबिक, पांच तेंदुए पिछले एक महीने से घूमते हुए देखे जा रहे हैं। परिक्रमा मार्ग स्थित वेद माता गायत्री गोशाला के संचालक गोपाल दुबे ने बताया कि तेंदुओं का झुंड गोशाला के आसपास मंडराता रहता है। रखवाले रातभर जागकर चौकसी कर रहे हैं और तेंदुओं को भगाने के लिए पटाखे फोड़ रहे हैं व लाइट जला रहे हैं। तेंदुओं द्वारा कई बार हमले का प्रयास भी किया जा चुका है। फिलहाल, ये तेंदुए सिद्धनाथ मंदिर के पास परिक्रमा मार्ग पर भी आसानी से घूमते हुए देखे जा सकते हैं।

## बिजली कंपनी की लापरवाही से बड़ा हादसा टला, जिले के रिजोदा गाँव में झूलते तारों से करंट लगने पर भैंस की मौत; तीन लोगों को भी लगा झटका



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के रिजोदा गाँव में सोमवार सुबह बिजली के झूलते तारों की चपेट में आने से एक भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में भैंस को बचाने की कोशिश कर रहे एक ही परिवार के दो सदस्य और एक मजदूर भी करंट की चपेट में आ गए। हालाँकि, मौके पर मौजूद ग्रामीणों की तत्परता और सूझबूझ से तीनों की जान बच गई।

**यह है मामलाः** स्थानीय लोगों ने बताया कि गाँव में बिजली के तार काफी समय से खतरनाक तरीके से झूल रहे थे। निवासियों ने बार-बार बिजली कंपनी के अधिकारियों को इस जोखिम के बारे में सूचित किया था, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। पिछले दो दिनों की बारिश से कच्ची सड़क पर पानी भरने से खतरा और बढ़ गया था।

सोमवार सुबह, राजेश रघुवंशी अपने बेटे समित रघुवंशी और मजदूर धर्मेंद्र आदिवासी के साथ अपनी चार भैंसों को खेत की ओर ले जा रहे थे। रास्ते में, एक भैंस सीधे झूलते हुए बिजली के तारों से टकरा गई और उसे तुरंत करंट लग गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भैंस को बचाने के प्रयास में राजेश, समित और धर्मेंद्र भी करंट की चपेट में आ गए।

# शिवपुरी में बाइक चोरी का आतंक, 24 घंटे में चार वारदातें, पुरानी बाइक छोड़ नई पर हाथ साफ; पुलिस के सामने चुनौती



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** जिले में मोटरसाइकिल चोरों का गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है। बीते 24 घंटों के भीतर, चोरों ने शहर और आसपास के क्षेत्रों में चार बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। ये वारदातें शिवपुरी के फिजिकल, कोतवाली, बदरवास और देहात थाना क्षेत्रों से सामने आई हैं। पुलिस ने सभी मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। इन घटनाओं में से दो के सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं, जिनमें चार संदिग्ध युवक चोरी करते दिखाई दे रहे हैं।

**पुरानी बाइक छोड़, महंगी मोटरसाइकिल ले गए चोरः** फिजिकल थाना क्षेत्र की एक घटना में, न्यू द्वारकापुरी निवासी राहुल कुशवाह (विवेकानंद कॉलोनी के निवासी) की मोटरसाइकिल उनके मौसा के घर के अहाते से गायब हो गई। सुबह जब उन्होंने बाइक नदारद पाई, तो सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में दिखा कि दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए चार चोरों ने राहुल की बाइक चुराई और अपनी पुरानी बाइक को मौके पर ही छोड़ दिया। इससे स्पष्ट होता है कि चोर विशेष रूप से महंगी और नई बाइकों को निशाना बना रहे हैं।

**अस्पताल के बाहर से भी चोरीः** एक अन्य वारदात में, करेरा तहसील के सेपरा गाँव के पुष्पेंद्र लोधी की मोटरसाइकिल शहर के सिद्धि विनायक हॉस्पिटल के बाहर से चोरी हो गई। लोधी 26 अक्टूबर की शाम को अपने साडू के पिता से मिलने अस्पताल आए थे। अज्ञात चोरों ने इसी दौरान उनकी खड़ी बाइक उड़ा ली।

**ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोरी की घटनाएः** शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी चोरों ने हाथ साफ किया है। बदरवास थाना क्षेत्र के सुमेला गांव के राजकुमार कुशवाह की बाइक भी 26 अक्टूबर को चोरी हो गई, जिसकी शिकायत उन्होंने बदरवास थाने में दर्ज कराई है। इसके अतिरिक्त, देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुड़ेनी गांव के पास जियो पेट्रोल पंप पर काम करने वाले संजय बाथम की मोटरसाइकिल 26 अक्टूबर की रात को चोरी हो गई। बाथम ने भी देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## सीहोर में दो दिन में 3.7 मिमी औसत बारिश दर्ज मानसून की वापसी के बाद भी वर्षा जारी

### तापमान में आई गिरावट

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर जिले में लगातार दूसरे दिन मौसम का मिजाज बदला हुआ है। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। जिले के कई इलाकों में दिनभर रुक-रुक कर रिमझिम बारिश जारी है। खास बात यह है कि मानसून की वापसी के बाद भी यह लगातार दूसरा दिन है जब मौसम में ठंडक और नमी महसूस की गई।



मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, बीते दो दिनों से जिले में मानसून फिर से सक्रिय है। सोमवार को जावर में 8 मिमी, सीहोर में 1 मिमी, श्यामपुर में 2.5 मिमी, आष्टा में 2 मिमी, इछावर में 7 मिमी, भेरूंदा में 5 मिमी और रेहटी में 4.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस तरह बीते 24 घंटों में जिले में कुल 3.7 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई। बारिश के इस सीजन को देखते हुए 1 जून से अब तक जिले में कुल 1094.3 मिमी बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले साल इसी अवधि में 1167.8 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। यानी इस बार अब तक पिछले साल के मुकाबले कम बारिश हुई है।

सीहोर में 930 मिमी, श्यामपुर में 957 मिमी, आष्टा में 903 मिमी, जावर में 818 मिमी, इछावर में 982 मिमी, भेरूंदा में 1243 मिमी, बुधनी में 1590 मिमी और रेहटी में 1330 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। गौरतलब है कि इस साल सीहोर जिले में मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी। बावजूद इसके, जिले में औसत बारिश का आंकड़ा अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इसी कारण पिछले साल की तुलना में इस वर्ष जिले में अब तक कम वर्षा दर्ज हुई है।

## राष्ट्रीय कबड्डी टीम में मुकेश का चयन

### बुरहानपुर के भावसार का देहरादून में खेलेंगे मध्यप्रदेश का करेंगे प्रतिनिधित्व

**बुरहानपुर, एजेंसी।** बुरहानपुर के लालबाग निवासी मुकेश भावसार का 28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के लिए मध्यप्रदेश की कबड्डी टीम में चयन हुआ है। वन विभाग खंडवा में कार्यरत मुकेश, 12 से 16 नवंबर तक देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह चयन 19 से 21 सितंबर तक भोपाल में हुई राज्य स्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता के ट्रायल के बाद हुआ। इसमें वन विभाग मध्यप्रदेश के लगभग 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिनमें से केवल 10 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया। मुकेश भावसार ने अपने तेज़ खेल, सटीक डिफेंस और शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। चयनित खिलाड़ी 25 अक्टूबर से 2 नवंबर तक भोपाल में आयोजित अभ्यास शिविर में हिस्सा लेंगे, जहाँ उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जाएगा। देहरादून में होने वाली इस अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी के अलावा क्रिकेट, हॉकी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, तैराकी, तीरंदाजी और राइफल शूटिंग जैसी अन्य प्रतियोगिताएँ भी शामिल होंगी। मुकेश भावसार खंडवा में वनरक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वे इससे पहले भी कई बार फॉरेस्ट और सिविल सर्विस कबड्डी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं, जिससे उन्होंने शहर का नाम रोशन किया है।



## पुलिस ने राजा हाशमी को नरसिंहपुर में पकड़ा

### किन्नर उत्पीड़न मामले में बगासपुर से हुई गिरफ्तारी

**नरसिंहपुर, एजेंसी।** इंदौर में 24 किन्नरों के फिनाइल पीने मामले में इंदौर पुलिस ने नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव थाना क्षेत्र के बगासपुर से रविवार सुबह आरोपी राजा हाशमी (39) को गिरफ्तार किया। आरोपी जबलपुर के अंबेडकर नगर का निवासी है और इंदौर के पंढरीनाथ थाने में दर्ज एक मामले (अपराध क्रमांक 97/25, धारा 119(1), 3(5), 308(4), 351(2) बीएनएस) में फरार था।

पंढरीनाथ थाने के उपनिरीक्षक रामकुमार रघुवंशी अपनी टीम, जिसमें सउनि विकास और आरक्षक 1626 राजाराम शामिल थे जो आरोपी की तलाश में नरसिंहपुर पहुंचे थे। स्थानीय गोटेगांव पुलिस से आरक्षक पंकज द्विवेदी, आरक्षक परसराम असैया, आरक्षक मयंक लिटोरिया और आरक्षक ऋषभ कुर्मी ने सहयोग किया।

पुलिस टीम ने ग्राम बगासपुर स्थित शानू टेलर के घर दबिश देकर राजा हाशमी को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम आरोपी को लेकर इंदौर रवाना हो गई।

**पुलिस आरोपी को लेकर इंदौर रवानाः** गोटेगांव एसडीओपी मनीष त्रिपाठी ने ने बताया कि 26 अक्टूबर की सुबह इंदौर पुलिस की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से बगासपुर से आरोपी राजा हाशमी को गिरफ्तार किया है। मामले की आगे की विवेचना और पूछताछ पंढरीनाथ थाना, इंदौर द्वारा की जाएगी।

**ये है पूरा मामलाः** यह मामला इंदौर जिले के पंढरीनाथ थाने में महामंडलेश्वर सोना मंगला गौरी नंदगिरी की रिपोर्ट पर दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी राजा हाशमी, सपना हाजी, अक्षय कुमायु और पंकज जैन ने किन्नर समुदाय के सदस्यों को प्रताड़ित किया। आरोप है कि इस उत्पीड़न के कारण 15 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे 24 किन्नर साथियों ने फिनायल पी लिया था, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई गई थी। पुलिस ने आरोपी राजा हाशमी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

### राम नायक पर गोली चलाने का आरोपी राजस्थान से पकड़ा गया

**धार, एजेंसी।** धार पुलिस ने राम नायक पर जानलेवा हमला कर गोली चलाने के मामले में फरार 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश तेजा उर्फ तेजसिंह बंजारा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के ग्राम जलदा से पकड़ा गया है। यह घटना 24 नवंबर 2024 की है, जिसके बाद से ही आरोपी फरार था। पुलिस इस मामले में पहले ही 6 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।



**पेट्रोल पंप के सामने मारी थी गोलीः** यह घटना 24 नवंबर 2024 की शाम की है। फरियादी राम नायक ब्रह्ममाकुण्डी स्थित अग्रवाल पेट्रोल पंप के सामने सब्जियां खरीद रहे थे। तभी पुरानी रंजिश के चलते अन्ना उर्फ आनंद अपने साथियों के साथ आया और उसने राम नायक पर जान से मारने की नीयत से दो-तीन गोलियां चलाई, जो उनके पैरों में लगीं। अन्य साथियों ने भी उनके साथ मारपीट की थी।

**स्कने घोषित किया था 10 हजार का इनामः** घटना के बाद कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने इस मामले में पहले ही 6 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी तेजा उर्फ तेजसिंह घटना के बाद से फरार था। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर और पारुल बेलापुरकर के निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सुजावल जग्गा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी समीर पाटीदार को कार्रवाई का जिम्मा सौंपा गया था।

# भारत दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका ने किया टीम का एलान, चोट से ठीक होने के बाद कप्तान बावुमा की वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए सोमवार को दक्षिण अफ्रीका टीम का एलान हो गया। कप्तान तेम्बा बावुमा पिंडली की चोट से उबरने के बाद मैदान पर वापसी के लिए तैयार हैं। वह इस सीरीज में भारत के खिलाफ टीम का नेतृत्व करते नजर आएंगे। दो टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज 14 नवंबर से होगा। पहला मुकाबला कोलकाता में खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा।



**भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए मैच में खेल सकते हैं बावुमा :** बावुमा हाल ही में पाकिस्तान में हुई दो मैचों की सीरीज में नहीं खेल पाए थे। उस सीरीज में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा गया है। बावुमा मैच अभ्यास की कमी को पूरा करने के लिए दो नवंबर से दक्षिण अफ्रीका ए और भारत ए के बीच बंगलूरू में होने वाले चार दिवसीय मैच में भाग ले सकते हैं। इस मैच से ऋषभ पंत भी चोट से वापसी करेंगे।

**तीन स्पिनरों को मौका :** दक्षिण अफ्रीका ने साइमन हार्मर, केशव महाराज और सेनुरन मुथुस्वामी के रूप में अपने तीन प्रमुख स्पिनरों को टीम में शामिल किया है जिन्होंने पाकिस्तान में टर्निंग ट्रैक पर बड़ा प्रभाव डाला था और वे भारतीय बल्लेबाजों को उनकी धरती पर परेशान कर सकते हैं। यह देखना अभी बाकी है कि भारत किस तरह की पिचें तैयार करता है क्योंकि इस महीने की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ उसने पूरी तरह से टर्न लेने वाली पिचों का चयन नहीं किया था। कगिसो रबाडा, ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश, मार्को यानसन और वियान मुल्डर तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**कोच ने क्या कहा :** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा, हमने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की सीरीज में भाग लेने वाली टीम के अधिकतर खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। उन खिलाड़ियों ने असली जज्बा दिखाया और पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सीरीज बराबर करने के लिए कड़ी मेहनत की। हम भारत में भी इसी तरह की चुनौती की उम्मीद कर रहे हैं और उन खिलाड़ी होंगे।

## ला लीगा 2025-26: एम्बाप्पे और बेलिंगहम के गोल से रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को हराया



**मैड्रिड, एजेंसी।** जूड बेलिंगहम और किलियन एम्बाप्पे के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रियल मैड्रिड ने ला लीगा 2025-26 सीज़न के पहले 'एल क्लासिको' में बार्सिलोना को 2-1 से मात दी। इस जीत के साथ रियल मैड्रिड अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी से पांच अंकों की बढ़त के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। पिछले सीज़न में चैंपियन बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को चारों मुकाबलों में हराया था, लेकिन नए कोच ज़ाबी अलोंसो के नेतृत्व में मैड्रिड ने उस हार का बदला चुकता कर दिया।

**मैच का हाल:** सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में एम्बाप्पे ने शुरुआती बढ़त दिलाई, जबकि बार्सिलोना के फर्मिन लोपेज़ ने बराबरी का गोल किया। हालांकि, बेलिंगहम ने पहले हाफ के अंत में निर्णायक गोल दागते हुए टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई, जो अंत तक बरकरार रही। मैच के आखिरी चरण में बार्सिलोना के मिडफील्डर पेड्री को दूसरा पीला कार्ड मिलने पर बाहर कर दिया गया, जिससे टीम पर और दबाव बढ़ गया।

**मैड्रिड का दबदबा:** रियल मैड्रिड ने अब तक खेले गए 10 में से 9 मैचों में जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ अलोंसो की टीम ने यह साबित किया कि वह बड़े मौकों पर भी जीत दर्ज करने की काबिलियत रखती है। इससे पहले टीम को सितंबर में एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी।

**बार्सिलोना की मुश्किलें:** बार्सिलोना के मुख्य कोच हैंसी फ्लिक निलंबन के कारण मैदान पर मौजूद नहीं थे, और उनकी जगह असिस्टेंट कोच मार्कस ज़ोर्ग ने टीम का नेतृत्व किया। टीम पहले से ही अपने कई प्रमुख खिलाड़ियों–रफिन्हा, रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और डैनी ओल्मो–की कमी से जूझ रही थी। वहीं, किशोर खिलाड़ी लमिन यामल चोट से उबरने के बाद भी पूरी तरह फिट नहीं दिखे। मैच से पहले यामल ने रियल मैड्रिड पर ÷चोरी और शिकायत करने÷ का आरोप लगाकर विवाद खड़ा किया था, जिसके कारण उनके नाम की घोषणा पर दर्शकों ने हूटिंग की। पिछले सत्र में शॉ को मुंबई रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था, जब उनके फिटनेस और अनुशासन पर सवाल उठे थे। उनका मुंबई के लिए अंतिम मैच दिसंबर 2024 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी फाइनल में हुआ था।

**मैच के प्रमुख पल :** पहले हाफ में बार्सिलोना ने गेंद पर अधिक कब्जा रखा, लेकिन प्रभावी आक्रमण रियल मैड्रिड का रहा। एमबाप्पे का शुरुआती गोल ऑफसाइड करार दिया गया, पर जल्द ही बेलिंगहम की सहायता से उन्होंने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। यह उनका सीज़न का 11वां गोल था। बार्सिलोना ने 38वें मिनट में मार्कस रैशफोर्ड की क्रॉस पर फर्मिन लोपेज़ के गोल से बराबरी की, लेकिन पांच मिनट बाद बेलिंगहम ने दूसरा गोल कर मैड्रिड को फिर बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ की शुरुआत में एम्बाप्पे को पेनल्टी मिली, लेकिन बार्सिलोना के गोलकीपर वोज्शेक शेज़नी ने शानदार बचाव किया। इसके बाद बार्सिलोना ने वापसी की कोशिश की, पर मैड्रिड ने मजबूत रक्षात्मक खेल से उन्हें कोई मौका नहीं दिया। अंत में, बार्सिलोना के लिए रोनाल्ड अराउजो को स्ट्राइकर के रूप में आगे भेजा गया, लेकिन रियल मैड्रिड के गोलकीपर थिबो कूरटोआ के सामने उनकी एक नहीं चली।

मैच के अंत में पेड्री के लाल कार्ड और उसके बाद हुई झड़प ने तनाव बढ़ा दिया, लेकिन जीत रियल मैड्रिड के नाम रही। अंतिम स्कोर: रियल मैड्रिड 2–1 बार्सिलोना। गोल: एम्बाप्पे (15'), बेलिंगहम (43') – फर्मिन लोपेज़ (38')

# श्रेयस अय्यर अंदरूनी चोट के कारण अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे मैच में कैच लेने की कोशिश में चोटिल हुए भारत के एकदिवसीय टीम के उप कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल में भर्ती किया गया है। वह अभी इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में हैं। अय्यर शनिवार को मैच के दौरान एलेक्स कैरी का कैच पकड़ते समय चोटिल हो गए थे। हालांकि शुरू में ऐसा लगा कि उन्होंने चोट के असर को झेल लिया है, लेकिन खबरों के मुताबिक ड्रेसिंग रूम में लौटने पर उन्होंने बेचैनी की शिकायत की और उन्हें तुरंत आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उम्मीद है कि उन्हें कुछ और दिनों तक आईसीयू में रहना होगा, जिसके बाद उन्हें जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाएगा। उनके माता-पिता उनके साथ रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि स्कैन में पता चला है कि उनकी स्प्लीन में चोट लगी है। उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर है और वे ठीक हो रहे हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम, सिडनी और भारत के स्पेशलिस्ट्स से सलाह लेकर, उनकी चोट पर करीब से नज़र रख रही है। भारतीय टीम के डॉक्टर श्रेयस के साथ सिडनी में ही रहेंगे ताकि उनकी रोजाना की प्रोग्रेस का पता चल सके। शॉ ने दूसरी पारी में मात्र 72 गेंदों में शतक पूरा किया, जो उनके प्रथम श्रेणी करियर का 14वां शतक है। इससे पहले पहली पारी में वह सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए थे। महाराष्ट्र के लिए अपने रणजी डेब्यू मैच में शॉ ने केरल के खिलाफ दूसरी पारी में 75 रन की पारी खेली थी, जबकि पहली पारी में वह शून्य पर पवेलियन लौटे थे।

शुरू में उम्मीद थी कि अय्यर लगभग तीन हफ्ते तक खेल से बाहर रहेंगे, लेकिन अब उनकी रिकवरी का टाइम और भी बढ़ सकता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वह इलाज पर कितनी जल्दी रिस्पॉन्ड करते हैं। वह भारत की टी-20 टीम का हिस्सा नहीं हैं।

# भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने एशियाई यूथ गेम्स में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण




**मनामा, एजेंसी।** भारत की युवा भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने रविवार को मनामा में जारी यूथ एशियाई गेम्स में इतिहास रचते हुए गर्ल्स के 44 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 16 वर्षीय प्रीतिस्मिता ने क्लीन एंड जर्क में 92 किलोग्राम भार उठाकर विश्व युवा रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने स्नैच में 66 किलोग्राम उठाया और कुल 158 किलोग्राम के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रीतिस्मिता ने पहले प्रयास में 87 किग्रा, दूसरे में 90 किग्रा और तीसरे प्रयास में 92 किग्रा का भार उठाकर नया रिकॉर्ड कायम किया। स्नैच में उन्होंने 66 किग्रा का सफल लिफ्ट किया, लेकिन 68 और 69 किग्रा के प्रयासों में असफल रहीं। इस वर्ग में चीन की वू जिहोंग 156 किग्रा (68 स्नैच, 88 क्लीन एंड जर्क) के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि वियतनाम की दाओ थी येन 141 किग्रा के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। उधर, भारत के 17 वर्षीय महराजन अरुमुगापंडियन ने बॉयज़ 60 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। उन्होंने कुल 256 किग्रा (स्नैच 114 किग्रा, क्लीन एंड जर्क 142 किग्रा) भार उठाया। चीन के चेन शुनफा ने 261 किग्रा (120 स्नैच, 141 क्लीन एंड जर्क) के साथ स्वर्ण पदक जीता।

इस शानदार प्रदर्शन के साथ भारत का कुल पदक संख्या 23 पर पहुंच गया, जिसमें 3 स्वर्ण, 9 रजत और 11 कांस्य पदक शामिल हैं। शनिवार तक भारत के खाते में 17 पदक (2 स्वर्ण, 6 रजत, 9 कांस्य) थे। एथलेटिक्स में गर्ल्स मेडले रिले टीम (एडविना जैसन, तन्नू, अविनाश शौर्य और भूमिका नेहाते) ने रजत पदक जीता, जबकि बॉयज़ टीम पांचवें स्थान पर रही। साइक्लिंग में अंजलि जाखड़ ने गर्ल्स इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में चौथा स्थान प्राप्त किया, वह पदक से बस कुछ ही सेकंड दूर रह गईं। भाला फेंक में भारत की सिया बंजारा (42.32 मीटर) और मिस्ती कर्मकार (42.05 मीटर) क्रमशः सातवें और आठवें स्थान पर रहीं। स्वर्ण उज़्बेकिस्तान की परिजोदा तलाबोवा ने 53.08 मीटर थ्रो के साथ जीता। हाई जंप में यश्विता पोतानापल्ली 1.50 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दसवें स्थान पर रहीं, जबकि डिस्कस थ्रो में स्वप्निल दत्ता 51.53 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे।

मुक्केबाज़ी में भारत की खुशी चंद (46 किग्रा) ने सऊदी अरब की वेरीफ मोहम्मद अलशेहरी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि आहना शर्मा (50 किग्रा) ने भूटान की संगय पेल्डोन को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चंद्रिका पुजारी (54 किग्रा) ने जापान की यूई हाताकेयामा को मात दी, जबकि हर्षिका (60 किग्रा) चीन की वांग जिंगजिंग से हार गईं। अंशिका ने 80+ किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की मावजुदा अब्दुसैदोवा को हराया, वहीं शिवानी तूर (75 किग्रा) चीन की झेंग शान से हारकर बाहर हो गईं।

## पैट कमिंस पहले एशेज टेस्ट से बाहर, स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस अगले महीने पर्थ में होने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए फिट नहीं होंगे और उनकी जगह स्टीव स्मिथ कप्तान होंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। कमिंस जुलाई से ही पीठ के निचले हिस्से की समस्या के कारण बाहर हैं और 21 नवंबर से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में उनके खेलने पर पहले से ही संदेह था। सीए ने एक बयान में कहा कि कमिंस ने अब फिर से दौड़ना शुरू कर दिया है और जल्द ही गेंदबाजी करना भी शुरू कर देंगे, जिससे यह उम्मीद जगी है कि 32 साल का यह खिलाड़ी 4 दिसंबर से ब्रिस्बेन में होने वाले दूसरे डे-नाइट टेस्ट में हिस्सा लेने के लिए फिट हो सकता है। यह नियम हाल ही में समाप्त हुई दलीप ट्रॉफी में भी लागू किया गया था, जब विकेटकीपर



हर्विक देसाई की जगह महाराष्ट्र के सौरभ नवले को उतारा गया था। यह भारतीय घरेलू क्रिकेट में पहली बार इंजरी सब्सटीट्यूट का उपयोग था, जबकि रणजी ट्रॉफी में यह अवसर काज़ी जुनैद सैफी को मिला। गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस सत्र से इंजरी रिप्लेसमेंट नियम लागू किया है, जिसके तहत गंभीर रूप से घायल खिलाड़ियों की जगह समान भूमिका वाले खिलाड़ी को मैदान में उतारने की अनुमति दी गई है। हालांकि सीरीज के लिए अभी टीम की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन पर्थ स्टेडियम में जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क के साथ बॉलिंग अटैक में स्कॉट बोलैंड का खेलना लगभग तय है। ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजी डिपार्टमेंट में अच्छे गेंदबाज होने की वजह से बोलैंड को पिछले कुछ साल में टेस्ट लेवल पर ज़्यादा मौके नहीं मिले हैं, लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला है, उन्होंने ज़्यादातर अच्छा ही परफॉर्म किया है। यह 36 साल का खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की हार्ड पिचों पर खास तौर पर असरदार है और उसने अपने पिछले 14 टेस्ट मैचों में 16.53 की औसत से 62 विकेट लिए हैं। कमिंस 2017-18 सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट के बाद से एशेज मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम का लगातार हिस्सा रहे हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को पहले एशेज जीतने और फिर उसे बनाए रखने में मदद की है। स्मिथ, जिन्हें 2018 में न्यूलैंड्स बॉल-टैम्परिंग स्कैंडल में शामिल होने की वजह से कप्तानी से हटा दिया गया था, उन्होंने अपने रिहैबिलिटेशन के बाद टीम की कप्तानी की है।

## पेनल्टी न मिलने पर विनिसियस जूनियर ने लामिन यामल पर निकाली भड़ास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फुटबॉल के मैदान से अक्सर खिलाड़ियों के बीच बहस और कहासुनी की खबरें आती रहती हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार को बार्सिलोना और रियल मैड्रिड के बीच खेले गए मैच में देखने को मिला। बार्सिलोना के लामिन यामल और रियल मैड्रिड के विनिसियस जूनियर एक दूसरे से पेनल्टी के मुद्दे पर भिड़ते नजर आए। विवाद की शुरुआत लामिन यामल द्वारा बार्सिलोना के पेनल्टी बॉक्स के अंदर रियल मैड्रिड के विंगर, विनिसियस जूनियर पर हमला करने से हुई। रीप्ले में ब्राजीलियाई खिलाड़ी के पैर पर यामल के अचानक थपथपाने की पुष्टि हुई। मैड्रिड के प्रशंसकों को यकीन था कि यह पेनल्टी थी, लेकिन अधिकारी ने इसके विपरीत फैसला लिया।

रियल मैड्रिड के फ्रांसीसी फ्रंटमैन ने जल्द ही बॉक्स के बाहर एक शानदार गोल दागा, लेकिन अधिकारियों द्वारा इसे ऑफसाइड घोषित किए जाने के बाद इसे रद्द कर दिया गया। जल्द ही काइलियन एम्बाप्पे ने एक और मौका लिया और मैच में पहला गोल किया। मैड्रिड के गोल के तुरंत बाद बार्सिलोना ने बराबरी के लिए जोरदार प्रयास शुरू कर दिए। राफिन्हा के मैच में न होने के कारण, ज्यादातर हमले लामिन यामल की ओर निर्देशित थे। ऐसे ही एक मौके पर विनी की निराशा सामने आई, जब उन्होंने अपनी उस पेनल्टी पर गुस्सा निकाला जिसे वे पहले नकार चुके थे। यामल विंग से नीचे ड्रिबल करने की कोशिश कर रहे थे, तभी ब्राजीलियाई खिलाड़ी ने तेज़ी से हमला किया और स्पेनिश युवा खिलाड़ी के शरीर में एक जोरदार शॉट लगाकर गेंद को क्लियर कर दिया। कैमरा मैड्रिड के विंगर पर गया। उन्हें कुछ कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए देखा गया, हालांकि उनका इशारा किसी खास खिलाड़ी की ओर नहीं था। लेकिन इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में विनिसियस चिल्लाते हुए नजर आ रहे हैं। एल क्लासिको में ऐसा अक्सर देखने को मिलता है।

# ब्लेयर टिकनर न्यूजीलैंड वनडे टीम में शामिल, काइल जैमीसन की जगह लेंगे



**हैमिल्टन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम में तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को इंग्लैंड के खिलाफ चल रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए शामिल किया गया है। टिकनर को काइल जैमीसन की जगह टीम में शामिल किया गया है, जिन्हें बाएं हिस्से में जकड़न की समस्या के कारण सोमवार को श्रृंखला से बाहर होना पड़ा ।32 वर्षीय टिकनर ने न्यूजीलैंड के लिए अब तक 13 वनडे मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 16 विकेट झटके हैं। वह 2023 के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं।

मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने टिकनर को जैमीसन के समान विकल्प बताया। उन्होंने कहा, ÷ब्लेयर एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भली-भांति परिचित हैं। वह ऊंचाई से तेज गेंद फेंकते हैं, उनकी गेंद में उछाल और आक्रामकता होती है। इस लिहाज से वे काइल की भूमिका को अच्छी तरह निभा सकते हैं।÷

इससे पहले रविवार को न्यूजीलैंड ने बे ओवल में खेले गए पहले वनडे में इंग्लैंड को चार विकेट से हराया था। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने शानदार पारी खेली, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। दोनों टीमें अब श्रृंखला के दूसरे मुकाबले के लिए हैमिल्टन के सेडन पार्क पहुंच चुकी हैं, जहां बुधवार (29 अक्टूबर) को दूसरा वनडे खेला जाएगा।

## एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवन्स ट्रॉफी 2025 में भारत ने जीता रजत, फाइनल में कज़ाख़स्तान ने दी शिकस्त

**मस्कट, एजेंसी।** भारत की सीनियर पुरुष रग्बी सेवन्स टीम ने मस्कट में आयोजित एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवन्स ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार रात रजत पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ भारत ने एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवन्स सीरीज एशिया की शीर्ष स्तरीय रग्बी सेवन्स प्रतियोगिता में पदोन्नति प्राप्त कर ली है। पूर्व इंग्लैंड स्टार बेन गॉलिंग्स के कोचिंग में भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, कौशल और दृढ़ता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत लेबनान पर 14-10 की रोमांचक वापसी जीत से की, जिसके बाद अफगानिस्तान को 26-5 से हराते हुए ग्रुप चरण का समापन किया। नॉकआउट चरण में भी टीम का दबदबा जारी रहा। भारत ने क्वार्टर फाइनल में ईरान को 21-7 से हराया और फिर सेमीफाइनल में सऊदी अरब को 17-0 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया।



फाइनल मुकाबले में भारत ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कज़ाख़स्तान के खिलाफ शानदार जुझारूपन दिखाया, लेकिन अंततः 0-27 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, पूरे अभियान ने भारतीय टीम की निरंतरता, दबाव में परिपक्वता और रग्बी इंडिया के विकास कार्यक्रमों के ठोस परिणामों को उजागर किया। मुख्य कोच बेन गॉलिंग्स ने कहा, ÷मैं इस टीम पर बेहद गर्व महसूस करता हूं। बहुत कम समय में खिलाड़ियों ने अद्भुत समर्पण, फोकस और टीमवर्क दिखाया है। यह उपलब्धि भारतीय रग्बी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। फाइनल हमारा नहीं था, लेकिन इस अनुभव ने भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखी है। भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, ÷यह टूर्नामेंट भारतीय पुरुष रग्बी की निरंतर प्रगति और आत्मविश्वास का प्रमाण है। टीम ने हर मैच में दिल, अनुशासन और कौशल से खेला। फाइनल में हार के बावजूद इस सफर ने हमारी विकास यात्रा को नई दिशा दी है। मैं खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और सपोर्ट टीम को बधाई देता हूं। साथ ही कज़ाख़स्तान को उनकी योग्य जीत के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इस सफलता का श्रेय देश में हाल ही में शुरू हुई जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग को भी जाता है, जिसने खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ खेलने का अनुभव दिया, जिससे उनके खेल और मानसिक मजबूती में सुधार हुआ। भारत का यह उपविजेता प्रदर्शन अब उसे हांगकांग चीन, जापान, श्रीलंका और चीन जैसी एशिया की शीर्ष टीमों की कतार में खड़ा करता है। पुरुष और महिला – दोनों भारतीय टीमें अब एशिया रग्बी के प्रीमियर डिवीजनों में शामिल हो चुकी हैं, जिससे मस्कट टूर्नामेंट भारतीय रग्बी के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बन गया है।

# पुलिस परेड ग्राउण्ड में होगा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का जिला स्तरीय समारोह

## नगरीय निकाय और जनपद पंचायतों में भी होंगे कार्यक्रम



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले में एक नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का जिला स्तरीय समारोह सिविल लाइन स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड में प्रातः 10.25 बजे से आयोजित होगा। इस मौके पर जिले की नगरीय निकाय संस्थाओं और जनपद पंचायतों में भी स्थापना दिवस के कार्यक्रम होंगे। इस आशय के निर्णय सोमवार को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में लिये गये। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्थापना दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, आरएन खरे, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

एक नवम्बर को आयोजित होने वाले म.प्र. स्थापना दिवस के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10.25 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रातः 10.30 बजे राष्ट्रीय ध्वजारोहण राष्ट्रगान, प्रातः 10.40 बजे मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन, 10.55 बजे संकल्प, 11 बजे मध्यप्रदेश गीत, प्रातः 11.05 से 11.20 तक स्थानीय स्तर पर चयनित कार्यक्रम और प्रातः 11.30 बजे वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रमों के लिए सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। संचालन परियोजना अधिकारी गौरव शर्मा द्वारा किया जायेगा। कलेक्टर ने स्थापना दिवस आयोजन संबंधी जिम्मेदारी अधिकारियों को सौपते हुए समय पर समस्त कार्यवाहियां करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेजों में भी म.प्र. की स्थापना दिवस से संबंधित वाद-विवाद, निबंध लेखन, रंगोली, स्वच्छता, सजावट, संस्कृति, पर्यटन की गतिविधियां की जाये। नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों में भी निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर ध्वजारोहण सहित अन्य कार्यक्रम किये जाये। स्थापना दिवस के अवसर पर सभी शासकीय भवनों और ऐतिहासिक महत्व के स्मारको, कार्यालयों पर रात्रि में रोशनी की जायेगी।

स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, जिले में उत्कृष्ट कार्यो से संबद्ध गौरव चरित्रों पर एकाग्र, जिला उत्पादों का प्रदर्शन एवं उत्कृष्ट कार्यो से संबद्ध प्रदर्शनी भी आयोजित होगी। स्व सहायता समूहों एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादित वस्तुओं के क्रय-विक्रय के समुचित प्रबंध किये जायेंगे। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि एक नवम्बर को शासकीय कन्या महाविद्यालय सतना में युवा उत्सव का आयोजन होगा। जिला संयोजक आदिम जाति डॉ. अरूण शुक्ला ने बताया कि जिले के सभी जनजातीय छात्रावासों में छात्रावास दिवस के आयोजन होंगे। जिला पंचायत के माध्यम से हर-घर दीवाली और संस्कृति विभाग द्वारा चित्रकूट के भरत घाट पर देव प्रबोधनी एकादशी पर दीपोत्सव के कार्यक्रम भी होंगे।

## मुंबई-भागलपुर एक्सप्रेस ट्रेन दो हिस्सों में बंटी; एस-वन कोच की कपलिंग टूटी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना-मानिकपुर रेल खंड पर देर रात एक ट्रेन हादसा हो गया। मझगवां और ठिकरिया स्टेशन के बीच रविवार-सोमवार देर रात करीब 2:54 बजे मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) से भागलपुर जा रही यात्री ट्रेन (12336) की कपलिंग टूट गई। इससे 3 बोगियां अलग हो गईं। हादसे के समय ट्रेन कॉशन (सावधानी) के कारण 10 किलोमीटर प्रति घंटे की धीमी रफ्तार पर चल रही थी। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी और टेक्निकल स्टाफ मौके पर पहुंचा। स-1 कोच को अलग कर, यात्रियों को शिफ्ट कर ट्रेन को सुबह 7 बजे रवाना किया गया। रेलवे ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

**एस-वन कोच की कपलिंग टूटने से हादसा:** रेलवे अधिकारियों के मुताबिक कपलिंग टूटने से एस-1 कोच, एक जनरल कोच और उससे लगा गार्ड यान ट्रेन से अलग हो गया। उस दौरान ट्रेन 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के कॉशन पर चल रही थी। इस वजह से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

**प्रेशर कम होने से खुद रुक गई ट्रेन:** रेलवे के तकनीकी जानकारों के अनुसार, हादसे के समय कॉशन लगा होने से ट्रेन की स्पीड 10 किलोमीटर प्रति घंटे थी। एस-1 कोच का कपलर टूटने से प्रेशर कम हो गया, जिस कारण ट्रेन के ऑटोमैटिक ब्रेक लग गए और ट्रेन रुक गई। ट्रेन से अलग हुए 3 कोच लगभग 100 मीटर पीछे ही छूट पाए थे।

**एस-वन कोच अलग कर रवाना की ट्रेन:** घटना की जानकारी मिलते ही एरिया मैनेजर नरेश सिंह, स्टेशन मास्टर अब्दुल मतीन, कॉमर्शियल एवं सीएनडब्ल्यू स्टाफ, आरपीएफ, जीआरपी समेत टेक्निकल टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंचे टेक्निकल स्टाफ ने एस-1 कोच को अलग कर डाउन ट्रैक को चालू किया।

## बस स्टैंड में 4 युवकों पर चाकू से हमला, तीन घायल, हमलावर स्कूटी छोड़कर फरार; पुलिस को आपसी रंजिश की आशंका



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सोमवार तड़के बस स्टैंड पर चार युवकों पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में तीन युवक घायल हुए हैं, जबकि एक युवक को हल्की चोट आई है। सभी युवक पार्क होटल में डीजे का काम खत्म कर चाय पीने पहुंचे थे। घटना सुबह करीब 4 बजे की है। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित विजय गुप्ता, अनिकेत तिवारी, कार्तिक विश्वकर्मा और एक अन्य युवक बस स्टैंड पर थे। तभी स्कूटी पर सवार तीन अज्ञात युवक वहां पहुंचे और बिना किसी कहासुनी के चाकू से हमला कर दिया। हमला करने के बाद आरोपी स्कूटी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल विजय, अनिकेत और कार्तिक का इलाज जारी है। एक साथी को मामूली चोट लगी है और उसकी प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना मिलते ही कोलगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्कूटी जब्त कर ली। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि यह हमला आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी का परिणाम हो सकता है।

## दो घरों में चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार, पुलिस ने खेत से बरामद किए 35 हजार रुपए के चोरी के सामान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नागौद थाना पुलिस ने दो घरों में हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर खेत से करीब 35 हजार रुपए कीमत का सामान बरामद किया है। चोरी का कुछ सामान आरोपियों ने एक परिचित को बेच भी दिया था।

रवि गौतम ने 24 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21-22 अक्टूबर की रात उसके घर और पड़ोसी आनंद प्रसाद बाजपेयी के घर में चोरी हुई है। शिकायत के बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें संदिग्ध युवक दिखे।

संदेह के आधार पर पुलिस ने अमित कुशवाहा उर्फ राजा को पकड़कर पूछताछ की। उसने बताया कि उसने अपने साथी राजा प्रजापति के साथ मिलकर चोरी की थी। आरोपियों ने चोरी का सामान खेत में छिपाना और कुछ सामान अनुज ताम्रकार को बेचना स्वीकार किया।

निशानदेही पर पुलिस ने एक बोरी में रखा सामान बरामद किया, जिसमें पीतल-कांस के बर्तन, पूजा सामग्री, इलेक्ट्रिक हाइपर क्लीनर, फर्श पोंछने का सामान सहित अन्य घरेलू वस्तुएं शामिल हैं। पुलिस ने राजा प्रजापति, अमित कुशवाहा उर्फ राजा और अनुज ताम्रकार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

**राज्यमंत्री गौतम टेटवाल आज चित्रकूट आयेंगे:** प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल 28 अक्टूबर को प्रातः 6.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगे।

## लायन सत्येंद्र शर्मा विद्यावाचस्पति (डॉक्टरेट) की उपाधि से सम्मानित



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सत्येंद्र शर्मा जी को 26 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में विद्या वाचस्पति (डॉक्टरेट) की उपाधि से सम्मानित किया गया। इसकी जानकारी देते हुए लायंस क्लब सतना के अध्यक्ष लायन अरविंद शर्मा ने बताया कि होटल रेडिसन ब्लू, पश्चिम विहार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सत्येंद्र शर्मा जी को समाजसेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर किए गए शोध एवं सामाजिक कार्यों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्यापीठ की प्रबंधकारिणी के अनुशंसा पर यह सम्मान प्रदान किया गया है।

उक्त उपाधि पद्मश्री अरविंद कुमार, पूर्व कुलपति रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं उच्चपदस्थ शिक्षाविदों द्वारा प्रदान की गई।

लायन सत्येंद्र शर्मा जी के इस सम्मानित होने पर लायंस क्लब परिवार ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। उनके इस उपलब्धि से न केवल लायंस क्लब परिवार को गर्व है, बल्कि यह समाज में सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## लोको पायलट से मारपीट और लूट, चार युवकों ने अंगूठी और नकद छीनकर फरार; सीसीटीवी फुटेज आया सामने



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** एक वरिष्ठ सहायक लोको पायलट के साथ मारपीट और लूट की घटना हुई है। चार अज्ञात युवकों ने लोको पायलट पर हमला कर उनकी सोने की अंगूठी और एक हजार रुपए छिन लिए। यह वारदात शनिवार तड़के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर इलाके में हुई। घटना का सीसीटीवी फुटेज रविवार को सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक, यह घटना राजेंद्र नगर गली नंबर 3 स्थित एक रेस्टोरेंट के सामने हुई। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि लोको पायलट ड्यूटी पूरी कर लौट रहे थे। इसी दौरान एक कार (यूपी72-बीपी-1392) उनके पास आकर रुकी। कार से उतरे चार युवकों ने उन्हें रोका, गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी।

**पीड़ित लोको पायलट पन्ना के रहने वाले:** पीड़ित की पहचान लक्ष्मीनारायण पांडेय के रूप में हुई है। वे मूल रूप से पन्ना जिले पहाड़ीखेड़ा के रहने वाले हैं और वर्तमान में उत्तरी पतेरी रेलवे स्टेशन, सतना में वरिष्ठ सहायक लोको पायलट के पद पर तैनात हैं। हमलावरों ने मारपीट करते हुए उनसे सोने की अंगूठी और एक हजार रुपये छीन लिए और कार में बैठकर फरार हो गए।

घटना के बाद लोको पायलट ने पुलिस से शिकायत की। सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। फुटेज में हमलावरों की हरकतें साफ दिखाई दे रही हैं। पुलिस ने फुटेज के आधार पर युवकों की पहचान शुरू कर दी है और उनकी तलाश जारी है।

## समय पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन से बच सकती थी प्रसूता, डेथ ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा; केसशीट में भी हुई छेड़छाड़



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला अस्पताल में 19 अक्टूबर को हुई प्रसूता वर्षा कोल की मौत की डेथ ऑडिट रिपोर्ट आ गई है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ-1) डॉ. विजय आरख द्वारा सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि हाईरिस्क प्रेग्नेंसी वाली वर्षा कोल को समय पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन (खून चढ़ाया जाना) मिल जाता, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। रिपोर्ट में रामपुर बघेलान सीएचसी से लेकर जिला अस्पताल तक लापरवाही और जिला अस्पताल में केसशीट से छेड़छाड़ की बात भी सामने आई है।

**समय पर खून मिलता तो बच सकती थी जान:** डीएचओ-1 डॉ. विजय आरख ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि प्रसूता वर्षा कोल की जान बचाई जा सकती थी, अगर उसे समय पर खून चढ़ाया गया होता। रिपोर्ट में कई अन्य कमियों का भी उल्लेख किया गया है।

**रामपुर सीएचसी से जिला अस्पताल तक लापरवाही:** डीएचओ-1 की रिपोर्ट के अनुसार, वर्षा कोल के मामले में रामपुर बघेलान की सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) से लेकर जिला अस्पताल तक लापरवाही बरती गई। सीएचसी से रेफर करते समय एएनसी सेवाओं, जांच और उपचार का विवरण पूर्ण रूप से प्रस्तुत नहीं किया गया था। रिपोर्ट में प्रसूता के गंभीर एनीमिया (खून की कमी) की समय पर पहचान और प्रबंधन न होने को गंभीर लापरवाही माना गया है।

**केसशीट में ओवरराइटिंग, ब्लड प्रेशर भी बदला:** डॉ. आरख ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि जिला अस्पताल की मेटरनिटी विंग में प्रसूता वर्षा के अभिलेखों (केसशीट) में ओवरराइटिंग के जरिए तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया गया। 116/70 ब्लड प्रेशर को 196/90 दर्शाने की कोशिश की गई थी। हीमोग्लोबिन 4.6 ग्राम होने के कारण दो यूनिट ब्लड का इंतजाम करने को कहा गया था, लेकिन ब्लड ट्रांसफ्यूजन भर्ती के ढाई घंटे बाद ही हो सका। डीएचओ ने सीएमएचओ के माध्यम से सिविल सर्जन से एचडीयू के सीसीटीवी फुटेज संग्रहित करने को भी कहा है।

**19 अक्टूबर को हुई थी मौत:** वर्षा कोल (22 वर्ष), पति सूरज कोल, को 19 अक्टूबर को गंभीर हालत में रामपुर बघेलान सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। प्रसव के बाद एचडीयू (हाई डिपेंडेंसी यूनिट) में उसकी हालत बिगड़ गई, और डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।

## महापौर योगेश ताम्रकार ने छठ पूजा पर संतोषी माता तालाब को प्रशासन के सहयोग एवं स्वयं के व्यय से दुल्हन की तरह सजवाया



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शुरू हो रही छठ पूजा के अवसर पर महापौर योगेश ताम्रकार जी के अथक प्रयासों से संतोषी माता तालाब का निर्माण नगर पालिक निगम से करवाकर उत्कृष्ट कार्य किया गया। इसके बाद, तालाब में रंग-बिरंगी मछलियां डालकर इसे और भी आकर्षक बनाया गया है। हजारों लोग प्रतिदिन मछलियों को दाना चुगाने और मॉर्निंग वॉक करने के लिए यहां आते हैं।

पिछले 10 दिनों से महापौर योगेश ताम्रकार ने दोनों समय संतोषी माता तालाब पहुंचकर छठ पूजा की तैयारियों को पूरा करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने स्वयं के व्यय से तालाब और छठ त्योहार को सुंदरता प्रदान करने के लिए गुब्बारे भी लगवाए। महापौर के इन अथक प्रयासों के चलते इस बार की छठ पूजा ऐतिहासिक होने जा रही है। उन्होंने न केवल तालाब को सजाया है, बल्कि पूरे वातावरण को भी उत्सवमय बना दिया है।

# वसुंधरा का कॉमनवेल्थ-आसियान शिखर सम्मेलन में चयन

## मलेशिया में करेंगीं भारत का प्रतिनिधित्व; पूर्व सांसद रामानंद सिंह की पोती हैं



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** युवा शोधार्थी वसुंधरा सिंह कॉमनवेल्थ-आसियान शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगीं। यह सम्मेलन मलेशिया के कुआलालंपुर में 28 अक्टूबर को होने वाला है। वसुंधरा विंध्य क्षेत्र की एकमात्र ऐसी शख्सियत हैं, जिन्हें यह अवसर मिला है। सम्मेलन में कॉमनवेल्थ और आसियान सदस्य देशों के प्रधानमंत्री, मंत्री, राजनयिक, नीति-निर्माता और युवा नेता हिस्सा लेंगे।

इस वर्ष सम्मेलन का विषय %सहयोग, नवाचार और भविष्य की साझेदारी% निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान सदस्य देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग, नवाचार, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। वसुंधरा सिंह की यह उपलब्धि न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है।

**पूर्व सांसद रामानंद सिंह की पोती हैं वसुंधरा:** वसुंधरा सिंह सतना लोकसभा के पूर्व सांसद दिवंगत रामानंद सिंह की पोती और राजवंत सिंह की बेटी हैं। वह वर्तमान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त, वसुंधरा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की क्षेत्रीय छात्रा प्रमुख का दायित्व भी संभाल रही हैं।

संगठन में उनका लंबा अनुभव है, जिसमें नरसिंहपुर की पूर्व विभाग संगठन मंत्री, प्रांत छात्रा प्रमुख और जिला संगठन प्रमुख जैसे पद शामिल हैं। वसुंधरा कटनी में पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं। उनकी यह वैश्विक पहचान उनकी सक्रियता और नेतृत्व क्षमता का परिणाम है।

इस सम्मेलन में रिसर्च स्कॉलर वसुंधरा भारत की युवा नेतृत्व क्षमता, शोध-नवाचार की भावना और वैश्विक दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेंगी। उनका चयन भारतीय युवाओं के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और नेतृत्व की क्षमता को दर्शाता है। 2024 में आयोजित कॉमनवेल्थ एशिया यूथ लीडरशिप समिट के दौरान युवाओं की सक्रिय भागीदारी से कॉमनवेल्थ एशिया यूथ एलायंस की स्थापना हुई थी, जिसने एशियाई देशों के युवाओं को एक साझा मंच प्रदान किया।

## नगर वन में गहोई वैश्य समाज ने किया दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगर वन के हरियाले और मनोरम वातावरण में रविवार, 26 अक्टूबर को गहोई वैश्य समाज का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट स्नेह सम्मेलन हर्ष, उल्लास और आत्मीयता के साथ संपन्न हुआ। समाज के सभी वर्गों — बालक, युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन — ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

प्रातः 11 बजे आरंभ हुए इस मिलन समारोह में विविध सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई। गीत-संगीत, नृत्य, खेलकूद और हास्य प्रतियोगिताओं ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। नगर वन का हर कोना हंसी, तालियों और उमंग से गूंज उठा। हरियाली से आच्छादित इस प्राकृतिक स्थल पर उपस्थित सभी परिवारों ने स्नेह, सहयोग और एकता का सुंदर संदेश दिया।

समाज के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि एकता, स्नेह और सेवा ही समाज की असली शक्ति है — मिलजुलकर हम अपने संस्कारों और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। सचिव पीयूष गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि जब समाज एक साथ मुस्कुराता है, तभी जीवन में सच्ची रोशनी आती है। यह आयोजन उसी प्रकाश और प्रेम का प्रतीक है।

कार्यक्रम के अंत में अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। सुरुचिपूर्ण सामूहिक भोज के दौरान सभी परिवारों ने एक साथ भोजन कर अपनत्व और बंधुत्व की भावना को सशक्त किया।

इस आयोजन में समाज के अनेक वरिष्ठजन, महिलाएं और युवा सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक गणेश शंकर सरावगी, सचिन कुचया, शुभम कुचया, आशीष सरावगी सहित पूरी आयोजन समिति का विशेष योगदान रहा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।